

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 04, अंक 06 | ग्वालियर सोमवार 22 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


सर्वदलीय बैठक में नहीं पहुँचे कमलनाथ

## आज से शुरू होगा मध्य प्रदेश का बजट सत्र

**भोपाल।** 22 फरवरी से शुरू हो रहे मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले रविवार 21 फरवरी को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई. विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया शामिल हुए. वहीं विपक्ष की ओर से पूर्व स्पीकर एनपी प्रजापति और पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह शामिल होने पहुंचे.



बीएसपी विधायक संजीव सिंह कुशवाहा भी बैठक में शामिल हुए. हालांकि नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ बैठक में शामिल होने नहीं पहुंचे. सर्वदलीय बैठक के दौरान सदन को सुचारू तौर पर चलाने को लेकर चर्चा की गई. कांग्रेस की ओर से डॉ. गोविंद सिंह ने बैठक में मीडिया को विधानसभा की कार्यवाही में एंट्री देने की मांग उठाई गई, जिस पर विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि कोविड गाइडलाइन के मुताबिक जिस मीडिया एजेंसी को एंट्री दी जानी होगी, उसे दी जाएगी. आपको बता दें कि मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 22 फरवरी से शुरू हो रहा है. बजट सत्र से ठीक पहले हुई सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी चीफ कमलनाथ शामिल होने नहीं पहुंचे. कमलनाथ के बैठक में शामिल न होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक गोविंद सिंह ने कहा कि कमलनाथ राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं. उनकी मध्य प्रदेश के अलावा देश में भी व्यस्तताएं रहती हैं. इंदौर में उनका पहले से कार्यक्रम तय था, इस वजह से वे शामिल नहीं हो सके. वहीं दूसरी तरफ कमलनाथ के बैठक में शामिल न होने को लेकर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जिस बैठक को मुख्यमंत्री वरीयता दे रहे हों, उसमें नेता प्रतिपक्ष को शामिल होना चाहिए. सर्वदलीय बैठक के दौरान बजट की तारीख को लेकर भी चर्चा की गई. बैठक के बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बजट 2 मार्च को पेश किया जाना प्रस्तावित है. इससे पहले यह कयास लगाया जा रहा था कि बजट सत्र 22 फरवरी से शुरू हो रहा है और बजट विधानसभा में 26 फरवरी को पेश किया जा सकता है. लेकिन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, बजट 26 फरवरी को पेश न होकर अब 2 मार्च को पेश किया जाएगा.

## न्यूज़ टैक



### मुख्यमंत्री चौहान ने अजमेर उर्स के लिए चादर भेजी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से आज प्रातः निवास पर श्री एस.के. मुद्दीन ने प्रतिनिधि मंडल के साथ भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री एस.के. मुद्दीन को चादर सौंपकर अजमेर शरीफ रवाना किया। श्री मुद्दीन मुख्यमंत्री की ओर से अजमेर उर्स में यह चादर चढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट के दौरान श्री हारून जावेद सौदागर एवं श्री तवरेश शेख भी उपस्थित थे।




### एक मार्च तक लगवाएं फास्टैग

**नई दिल्ली।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कहा है कि देश में टोल प्लाजा पर डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए लाया गया फास्टैग पेमेंट का इस्तेमाल देश भर में 23.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। एनएचएआई ने एक ट्वीट करते हुए बताया कि कुल लेनदेन की संख्या 63 लाख को पार कर गई है। इसके साथ-साथ यह भी कहा कि फास्टैग के जरिए टोल संग्रह 102 करोड़ प्रति दिन पहुंच गया है। एनएचएआई ने कहा 1 मार्च तक सभी टोल प्लाजा पर फ्री में फास्टैग लगाए जा रहे हैं। बता दें कि मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट टोल प्लाजा पर शत-प्रतिशत फास्टैग सिस्टम लागू कर चुकी है। अब अगर आप बिना फास्टैग के टोल प्लाजे से गुजरते हैं तो आपको डबल टोल देना होगा। बता दें कि फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल भुगतान प्रणाली है जिसे 16 फरवरी से पूरे देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू कर दिया गया है। दरअसल गाड़ियों पर एक टैग लगाया जाता है जिसमें एक कोड और जब गाड़िया टोल प्लाजा से गुजरती है।

ऐम्स चीफ डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा

## ज्यादा खतरनाक हो सकता है कोरोना का नया स्ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारत पर एक बार फिर कोरोना वायरस का खतरा मंडराता दिख रहा है। कोरोना के नए स्ट्रेन ने भी देश के लोगों में भय पैदा कर दिया है। लेकिन इसी बीच वो लोग जो हर्ड इम्युनिटी को ऐसी स्थिति के लिए बेहचर मानते हैं उन्हें यह जरूर पढ़ना चाहिए। ऐम्स चीफ डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि भारत में कोरना वायरस के लिए हर्ड इम्युनिटी का होना एक मिथ है। क्योंकि कम से कम कम 80 प्रतिशत लोगों को पूरी आबादी की रक्षा के लिए एंटीबॉडीज की जरूरत है। महाराष्ट्र में देखे जा रहे नए स्ट्रेन को देखते हुए यह थोड़ा मुश्कलि नजर आता है।



ऐम्स चीफ कहते हैं कि यह अधिक संक्रामक और खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा नया स्ट्रेन उन लोगों में फिर से संक्रमण पैदा कर सकता है जिन्होंने वायरस के लिए एंटी-बॉडी विकसित की हैं। पूरे भारत में नए स्ट्रेन के 240 नए मामले सामने हैं। महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह के बाद से संक्रमण में उछाल देखा गया है, महाराष्ट्र के कोविड टास्क फोर्स के सदस्य डॉ शशांक जोशी ने बताया है कि महाराष्ट्र के अलावा, चार और राज्यों - केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब में संख्या में नए स्ट्रेन की वृद्धि देखी जा रही है। सरकार की टीकाकरण योजना लोगों के एक महत्वपूर्ण द्रव्यमान का टीकाकरण करके हर्ड इम्युनिटी बनाने पर निर्भर करती है। टीकाकरण के पहले चरण में, सरकार ने 3 करोड़ स्वास्थ्य कर्मचारियों और फ्रंटलाइन श्रमिकों का टीकाकरण करने की योजना बनाई है। इसके बाद 27 करोड़ लोगों की बारी आएगी जो 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं या उनमें सह-रुग्णता है। भारत में एक करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लग चुका है. देश तेजी के साथ अपने लक्ष्य को पूरा किए जा रहा है, देश में अभी फ्रंट लाइन वॉरियर्स को वैक्सीन लगाई जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि वायरस से बचाव के लिए एक बार फिर ट्रेसिंग और टेस्टिंग की जरूरत है।



## गिरीश गौतम ने एमपी विधानसभा के अध्यक्ष दाखिल किया नामांकन दाखिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर पिछले एक साल से माथापच्ची चल रही थी। आज इस पर विराम लग गया है। भाजपा विधायक गिरीश गौतम एमपी विधानसभा के अगले अध्यक्ष होंगे। उन्होंने इसके लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। बता दे कि सोमवार से मध्य प्रदेश बजट सत्र की शुरुआत हो रही है। बजट सत्र की शुरुआत से पहले एमपी विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। रीवा जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र से विधायक गिरीश गौतम को विधानसभा अध्यक्ष के लिए भाजपा ने नामित किया है। नाम पर मुहर लगते ही गिरीश गौतम ने विधानसभा अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का पद विंध्य के खाते में चला गया है नामांकन के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

## 10 लाख के इनामी नक्सली कंडुलना ने किया सर्मपण

**रांची।** रांची पुलिस के समक्ष 10 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली कमांडर जीवन कंडुलना ने सर्मपण कर दिया। हालांकि रांची पुलिस की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नक्सली जीवन कंडुलना झारखंड के खूंटी जिला के रानिया का रहने वाला है। और खूंटी, सरायकेला, चाईबासा और आसपास के सटे इलाकों में सक्रिय था। सूत्रों के मुताबिक रांची पुलिस जीवन कंडुलना को गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। कंडुलना का सरेंडर भाकपा माओवादियों के लिए बड़ा झटका है। दरअसल झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि बड़े से बड़े नक्सली एक के बाद एक सरेंडर कर रहे हैं। जीवन कंडुलना भाकपा माओवादी संगठन में जोनल कमांडर पद पर था।



## केंद - राज्य मिलकर कम करें पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें केंद - राज्य मिलकर कम करें। उन्होंने कहा कि खुदरा ईंधन मूल्य में कमी लाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों को उचित स्तर पर बात करनी चाहिए। वित्तमंत्री ने कहा कि ये एक गंभीर मुद्दा है जिसमें कीमतें कम करने के अलावा कोई भी जवाब किसी को संतुष्ट नहीं कर सकता। इसके साथ ही उन्होंने कहा, ओपीईसी देशों ने उत्पादन का जो अनुमान लगाया था वह भी नीचे आने की संभावना है जो फिर से चिंता बढ़ा रहा है। तेल के दाम पर सरकार का नियंत्रण नहीं है इसे तकनीकी तौर पर मुक्त कर दिया गया है।



## 5 राज्यों में चुनाव के लिए भाजपा की क्या होगी रणनीति

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में हुई बैठक को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी संबोधित किया। इस बैठक में भाजपा के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेशों के अध्यक्ष, राज्यों के प्रभारी व सह-प्रभारी तथा राज्यों के संगठन मंत्री भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर बैठक की शुरुआत की और बाद में उसे संबोधित भी किया। बैठक में कोविड-19 महामारी के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और इस संबंध में एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया गया।**

### पीएम मोदी ने बैठक में दिया मंत्र



भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि दिन भर चलने वाली बैठक के दौरान असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव, आत्मनिर्भर भारत अभियान और तीन कृषि कानूनों के बारे में भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में फिलहाल प्रस्तावों पर चर्चा हो रही है और बैठक के बाद पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा की घोषणा की जाएगी। कोरोना महामारी के दौरान यह राष्ट्रीय पदाधिकारियों की पहली बैठक है जिसमें नेता प्रत्यक्ष तौर पर शामिल हुए। ;यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर पिछले लगभग तीन महीने से आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसान संगठन अपने आंदोलन को देशव्यापी बनाने की कोशिशों में हैं और वे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा, %प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को संबोधित और मार्गदर्शन करने के बाद, राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों, आत्मनिर्भर भारत अभियान और कृषि कानूनों पर चर्चा की। राज्य आधारित समूह की बैठकें और भविष्य की कार्यक्रमों पर चर्चा और घोषणा की जानी है।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोविड-19 टीकाकरण को दृष्टिगत जिला टास्कफोर्स समिति की बैठक संपन्न

**एटा।** जिलाधिकारी डॉ0 विभा चहल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 25 फरवरी एवं 26 फरवरी को होने वाले कोविड-19 टीकाकरण एवं नियमित टीकाकरण को सफल बनाने के उद्देश्य से एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि टीकाकरण की संपूर्ण तैयारी टीकाकरण दिनांक से पूर्व कर ली जाए, जिससे कि टीकाकरण के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। टीकाकरण के दौरान मेडिकल बेस्ड पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाए। जन सामान्य को शासन की मंशा के अनुसार स्वास्थ्य सेवाये हर हाल में मुहैया होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि कोविड टीकाकरण राष्ट्रीय हित के साथ-साथ जनहित का कार्यक्रम है, जिसके द्वारा देश



को कोरोना मुक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त हो सके। शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के कार्यक्रम के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम का संचालन दक्ष चिकित्सकों एंव प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें किसी भी प्रकार की शंका नहीं होनी चाहिए। जिन हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर द्वारा सूची में शामिल होने के उपरांत भी टीकाकरण नहीं कराया है, वे आगामी दिवसों में अपना टीकाकरण अवश्य कराएं। इस अवसर पर एसएसपी सुनील कुमार सिंह, सीएमओ डॉ0 अरविंद कुमार गर्ग, एसीएमओ डॉ0 राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश अग्रवाल, डॉ अशोक कुमार, एसडीएम अलीगंज राजीव पांडे, समस्त खंड विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह, समस्त एमओआईसी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने की पूजा अर्चना जय मां पीतांबरा पीठ



संदीप प्रधान पुष्पांजली टुडे

गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने पीतांबरा मंदिर पहुंच कर की पूजा अर्चना और बताया जा रहा है कि नरोत्तम मिश्रा हर शनिवार के दिन चाहे वह कहीं भी हूं लेकिन हर शनिवार के दिन मां का आशीर्वाद अवश्य लेते हैं दतिया पहुंच कर और बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ समस्याएं भी सुनते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### डॉक्टर अंबेडकर जी व्यक्ति नहीं व्यस्त विचारधारा है: भारती

**दतिया।** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भारती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा डॉक्टर अंबेडकर जी व्यक्ति नहीं विचारधारा है जिनकी प्रबल धाराएं आज भी संपूर्ण देश और समाज में संगठित करने के लिए वह रही हैं उन लोगों के मुंह से यह बातें अच्छी नहीं लगती है जिन्होंने दलितों का सामाजिक शोषण किया है और यहां तक की छुआछूत और सामाजिक विषमताओं का विश घोला है और मंदिरों में जाने तक से रोकते है आज राजनीतिक मजबूरियों के चलते कुछ तथाकथित नेता डॉक्टर अंबेडकर जी की मूर्तियों का कुत्सित हाथों से अनावरण कर रहे हैं पर दिल से नहीं जबकि हम लोगों के दिलों में डॉक्टर अंबेडकर जी और उनका संविधान रचा बसा हुआ है और अनुसरण कर रहे हैं आने वाले समय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के संविधान और सोच के विपरीत भय और आतंक बनाकर लोगों के अधिकारों का हनन करने वालों को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

### मिशन ने किया ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन :-



अमन राय की रिपोर्ट

दुर्गापुर के बिधाननगर स्थित मिशन अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने किया वृद्धा व्यक्ति के ब्रेन ट्यूमर का मुफ्त में सफल ऑपरेशन. इस बात की जानकारी आज दुर्गापुर मिशन अस्पताल द्वारा प्रेस वार्ता में बताई गई. प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ सत्यजीत बोस ने बताया डॉ सत्यजीत दास की अगुवाई में डॉ गोपी, डॉ सनिगणेंदु घोष, डॉ आशीष, डॉ निबेदिता साहू की पूरी टीम ने इस सफल ऑपरेशन का हिस्सा रहे. दरअसल जमुडिया के रहने वाले 62 वर्षीय सुखेन अधिकारी ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थे. इस हालत में उनको दिन प्रतिदिन इस समस्या से परेशानियां बढ़ रही थी. इस स्थिति में घर वालों ने मिशन अस्पताल मे इलाज करवाने का फैसला किया. घर की स्थिति कुछ खास नहीं थी. लेकिन राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य साथी कार्ड इन के लिए वरदान साबित हुआ. मिशन अस्पताल ने तुरंत एडमिशन लेकर चिकित्सा चालू कर दिया. शुरुआती एमआरआई द्वारा यह पता लगा लिया गया कि समस्या किस जगह और किस स्थिति में है. फिर डॉक्टरों की एक टीम गठित की गई. इस टीम के मुख्य चिकित्सक डॉक्टर सत्यजीत दास ने बड़े ही कार्य कुशलता से इस ऑपरेशन को सफल बनाएं. डॉक्टर सत्यजीत दास ने बताया मरीज को पूरी तरह से होश में रहने की स्थिति में ही ऑपरेशन संभव था. इसलिए मरीज के रुचि अनुसार मरीज को भजन कीर्तन करवाते हुए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया. ऑपरेशन के बाद आज प्रेस वार्ता में सूखेन अधिकारी ने मीडिया को बताया वह काफी अच्छे हैं. उन्होंने डॉक्टरों को भी धन्यवाद दिया. यह ऑपरेशन लगभग एक घंटा चला. सफल ऑपरेशन एवं कोई पैसा नहीं लगने से घर वाले भी काफी खुश हैं।

### गोहद चौराहा पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब पकड़ी।

**गोहद।** अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई अभियान के अंतर्गत मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि खेरिया रायजू मैं अनिल जाटव के मकान के पीछे कच्ची शराब बनाई जा रही है सूचना पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के मार्गदर्शन में एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के निर्देशन में थाना प्रभारी गोहद चौराहा गोपाल सिंह सिकरवार के द्वारा खेरिया राजू में अनिल जाटव के मकान के पीछे कार्रवाई करते हुए 30-30 लीटर की कट्टीं हाथ की भट्टी से बनी हुई कच्ची शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपए बताई आ रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस के पहुंचने पर अनिल जाटव पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ना चाह परन्तु नहीं पकड़ा जा सका। बाद घटनास्थल से दो प्लास्टिक की कट्टी में हाथ की भट्टी की बनी हुई कच्ची शराब की दो प्लास्टिक की कट्टी(केन) जिसमें 30-30 लीटर की जिसकी कीमत करीबन 25 हजार रुपए मौके पर ड्रम में चूल्हे पर शराब बनती मिली। जिसे फोर्स की मदद से फैला कर नष्ट किया गया। भागे हुए आरोपी अनिल जाटव पुत्र सालगिरह जाटव निवासी खेरिया रायजू का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का दंडनीय पाया जाने जब्ती पंचनामा तैयार कर मौके पर शराब सीलबंद की गई।

# रैली निकालकर कांग्रेस ने गोहद में दुकानदार भाइयों से विनम्रता पूर्वक बंद कराया

**गोहद।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज मध्य प्रदेश पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों को लेकर गोहद बंद का ऐलान किया गया था इसको सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर बाजार में रैली निकालते हुए बाजार बंद कराया दुकानदार भाइयों विनम्रता पूर्वक 2:00 बजे तक बाजार बंद करने के लिए आग्रह किया जिस पर कई दुकानदारों ने अपनी स्वेच्छा से बाजार बंद रखा दोपहर बाद बाजार खुला पुलिस



द्वारा भी सुबह से ही बाजार में जगह जगह पॉइंट लगाकर व्यवस्था दुरुस्त रखी साथ में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री राघवेंद्र शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष टोनी मुद्गल दीपक बंटी शर्मा जिला महामंत्री देवाशीष जरारिया युवक कांग्रेस अध्यक्ष अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर शैलेंद्र दशरथ सिंह गुर्जर एनयूसीआई अध्यक्ष जावेद पठान गोपाल पचौरी फिरदोस मोहम्मद कुरेशी अवधेश शुक्ला अजमत अली कैलाश माहोर शिवम सोनी डॉ धर्मवीर दिनकर प्रमोद शुक्ला श्री गोविंद परिहार बृजेश चौरसिया बबलू बरैया आजाद शर्मा एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# छत के कुंदे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त

पुष्पांजली टुडे गोहद।

गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरी का पुरा ग्राम राय की पाली सरिता पुत्री रामदास जाटव उम्र 19 वर्ष लगभग दोपहर 3:00 बजे घर के कमरे में छत के कुंदे से अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मृतका का पिता रामदास जाटव खेत पर पानी देने गया था एवं मां सुशीलाबाई घर का कार्य कर रही थी। जब सुशीला का पति खेत से कार्य करके लौटा तब सुशीला एवं रामदास जाटव दोनों घर के अंदर गए तो कमरे की अंदर से कुंडी बंद थी और पुत्री सरिता दुपट्टे से फांसी लगाकर झूल रही थी। तभी दोनों पति पत्नी घबरा गए और रोने लगे एवं गांव के अन्य लोग एकत्रित हुए पुलिस को सूचना दी गई। गोहद चौराहा पुलिस ने सरिता के शव को उतरवाकर गोहद अस्पताल भिजवाया। खबर लिखे जाने तक मृतका का पीएम नहीं हुआ था।

# दीवान माधोसिंहजी ने तामिलनाडु महासभा अध्यक्ष को दी श्रृद्धांजलि

नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ बेंगलूर

**चैन्नई।** परम श्रद्धेय दीवान साहब चेन्नई शहर पधारे व चेन्नई शहर के बहुप्रतिष्ठित समाज सेवी सीरवी समाज महासभा, तमिलनाडु के अध्यक्ष आदरणीय श्री भंवरलाल सोलंकी रिसाणियां साहब के निधन पर इनके चेन्नई स्थित निवास पर आयोजित शोकसभा बैठक मे उपस्थित होकर स्व.श्री भंवरलाल जी सोलंकी रिसाणियां साहब की ब्रह्मलीन अमर आत्मा को नम आखों से भावभिनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से उनकी अमर आत्मा को शान्ति प्रदान करने तथा इस दुःखद समय मे शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर उन्हे सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। आदरणीय स्व.श्री



भंवरलाल रिसाणियां साहब की प्रेरणा से तिरुपती मे प्रायोजित सामाजिक भवन श्री आईमाता मन्दिर की आगामी प्रगति बाबत चरणबद्ध विकास के क्रम मे पूजनीय दीवान साहब ने सीरवी समाज चेन्नई से विशेष योगदान हेतु योजना फरमाई तथा इस नेक कार्य मे श्रद्धा स्वरुप योगदान को ही आदरणीय स्व.श्री भंवरलाल सोलंकी साहब की ब्रह्मलीन अमर आत्मा को सही मायने मे सादर श्रद्धांजली फरमाया। बैठक के पश्चात परम श्रद्धेय दीवान साहब ने मड़ीपाक्कम मे लालाराम नारयणलाल हाम्बड़ परिवार द्धारा स्वागत किया जिसमें सभी भाई दोलतराम जगदीश भेराराम रमेश व समाज के पंच जीवाराम काग इन्दाराम सैणचा मोहनलाल काग नारायणलाल सोलंकी नेमीचन्द सीरवी मौजूद रहे रात्रि विश्राम चेन्नई स्थित नारायणलाल राजेन्द्रा टेक्सटाईल के निवास पर किया व सामाजिक चर्चा के दौरान जोधपुर संस्थान की आर्थिक प्रगति के बारे मे मेघाराम सेणचा साहब व जगदीशचन्द्र आगलेचा साहब ने संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की तथा चेन्नई शहर के भामाशाहगणो द्वारा जोधपुर मे प्रायोजित सामाजिक धरोहर के निर्माण मे दिये जा रहे अनुकरणीय योगदान के लिए जोधपुर संस्थान की तरफ से चेन्नई स्वजातिय बन्धुओं को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया सीरवी समाज जोधपुर द्वारा बनाड़ रोड़ पर निर्माणाधीन बहुद्धेशीय सामाजिक धरोहर श्री आईमाता मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर की प्रगति के क्रम मे पूजनीय दीवान साहब के सानिध्य मे आयोजित समाजिक चर्चा मे जोधपुर संस्थान के अध्यक्ष मेघाराम सेणचा साहब एवं अखिल भारतीय सीरवी समाज के प्रान्तीय अध्यक्ष आदरणीय धन्नाराम लालावत साहब ने सर्वश्री स्वजातिय बन्धुओं से तन,मन व धन से यथाश्रद्धा अधिकतम सस्नेह योगदान की अपील की यह जानकारी मिडिया प्रभारी नवयुवक मंडल पूर्व सचिव नेमीचन्द सीरवी ने दी

# पंचायत कोरम की अहम बैठक आयोजित की गई

**रानी पाली नेनाराम सिरवी।** जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत वडेर वास।साकडडा। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंचायत कोरम की अहम बैठक आयोजित की गई। वडेर वास सरपंच लीला देवी सिरवी के अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर कोरम की अहम बैठक आयोजित कर के आगामी ग्राम पंचायत द्वारा नए कार्य शुरू करने को लेकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चर्चा की गई।साकडडा सरपंच धीरज देवी देवासी सरपंच प्रतिनिधि नारायण लाल देवासी ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने वार्ड की जन समस्याओं को लेकर सरपंच के समक्ष समस्या



का निवारण करने को लेकर चर्चा की गई। वडेर वास सरपंच लीला देवी सीरवी ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा कनिष्ठ रोजगार सहायक पुखराज सीरवी पंचायत सहायक मिट्ठू सिंह। पंचायत कार्मिक प्यारी देवी सीरवी। सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी उपसरपंच गणेशराम सिरवी वार्ड पंच सूजाराम सिरवी रुपाराम सिरवी दुर्गादास संतोष देवी अन्य वार्ड पंचों की उपस्थिति में पंचायत कोरम की अहम बैठक के दौरान ग्राम पंचायत के सहायक एवं राजस्व गांवों में नाली निर्माण के कार्यों को लेकर नए प्रस्ताव लिखे गए। वार्ड पंचों द्वारा अपने अपने वार्ड की जन समस्या को लेकर सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी के समक्ष समस्या का निवारण करने के लिए चर्चा की गई। सरपंच द्वारा वार्ड पंचों को आश्वासन के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा हर बार की जन समस्या का समाधान करने को लेकर अति शीघ्र समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा



# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा द्वारा चलाया गया जोर-शोर से सदस्यता अभियान

रिपोर्टर संतोष सिंह भदौरिया

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा पंजीकृत मध्य प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के निर्देश पर ग्वालियर में सदस्यता अभियान चलाया गया आपको बता दें की श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा एक तेजी से बढता हुआ संगठन है संगठन विस्तार के लिए आज सदस्यता सफल अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महासभा के प्रमुख राष्ट्रीय संरक्षक, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, पूर्व सीएसपी आदरणीय दादा श्री अशोक सिंह भदौरिया जी एवं राष्ट्रीय सचिव आदरणीय भाईसाहब श्री सोबरनसिंह तोमर जीएवम सभी पदाधिकारीयो की विशेष उपस्थिति रही । संगठन की महिला विंग टीम की महिलाये पदाधिकारी भी कार्यक्रम में पधारी और संगठन के प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से कार्यक्रम में पधारे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता वेद प्रकाश राजावत ने किया ओर पधारे सभी अतिथियों ने अपने अपने सुझाव रखते हुए कहा कि हम सब लोग एक दूसरे का साथ सहयोग हर प्रकार से करना चाहिए समाज को मजबूत करने के लिए संगठन को मजबूत करना होगा । सदस्यता अभियान के तहत सेकड़ो लोगो ने बढ़ चढ़ कर सदस्यता ग्रहण की पुरूषों के साथ महिलावो ने भी सदस्यता ग्रहण की सभी नवयुक्त सदस्यों ने समाज के प्रति हमेसा सहयोगकरने के लिए प्रतिज्ञा की साथ मे संगठन को भी धन्यवाद भी कहा।कार्यक्रम का आयोजन होटल रामकृष्ण होम, धर्मवीर पेट्रोल पंप के सामने, पटरी वाली रोड पर, ग्वालियर में सम्पन्न हुआ । यह जानकारी मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया द्वारा दी गई। मुख्यरूप सेआयोजन कर्ता श्री अवधेश सिंह कुशवाह ( वीरू) , रामवीर सिंह परिहार, रामराज सिंह भदौरिया, सोनू तोमर, राजेश जादौन, विपिन सिंह भदौरिया व उनकी टीम ।

# हाथ ठेला मार्केट बनेगी आदर्श, नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए करेंगे मिलकर काम:आकाश शुक्ला

रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह

**अम्बाह।** आज नगर अम्बाह में हाथ ठेला एवं रेहड़ी वालों की सामान्य बैठक महाराणा प्रताप पार्क में रखी गई इसमे मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी आकाश शुक्ला उपस्थित रहे कार्यक्रम में नगर के ठेलावालो ने उनकी लड़ाई लड़ने के लिए आकाश शुक्ला का आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया। ठेले लगाने वाले बंधुओं ने निर्णय



लिया कि आगामी दिनों में ठेला यूनियन का निर्माण किया जाएगा और प्रशासन के साथ मिलकर हम नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लेंगे और सभी लोग मार्केट में व्यवस्थित रूप से ठेला लगाएंगे आकाश शुक्ला ने सभी ठेला वालों को आश्वस्त किया कि वे उनके साथ सदैव खड़े हैं उन्होंने कलम से अब तक उनकी लड़ाई लड़ी अब आगे प्रशासन की जिम्मेदारी है नगर में कोई ठेले वाला फालतू में प्रताड़ित न हो। अगर आगे भी कुछ अप्रिय होता है तो वो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ है पूर्व दिवस में उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाई से तानाशाही तहसीलदार का यहां से स्थानांतरण किया जा चुका है और अगर किसी अधिकारी ने ठेले वालों को परेशान किया तो वे उनकी लड़ाई सड़क पर उतरकर भी लड़ने के लिए तैयार हैं।

## संपादकीए

### आर्थिक असमानता का दंश

असमानता की बढ़ती खाई को सामने रखने वाली ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट में इस बात को भी रेखांकित किया गया है कि भारत ही नहीं दुनियाभर में बढ़ती इस आर्थिक असामनता से सबसे ज्यादा लड़कियां व महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के वेतन में काफी अंतर है। यह एक बड़ी वजह है जिसके चलते महिलाओं की आय पर निर्भर परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ जाते हैं। इतना ही नहीं देश में महिला-पुरुष के वेतन के बीच का यह फर्क 34 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक धर्म, जाति, वर्ग, उम्र और लिंग जैसे कारक भी महिलाओं के प्रति असमानता को प्रभावित करते हैं। इतना ही नहीं भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को वेतन वाले काम मिलने की उम्मीद कम रहती है। हमारे यहां देश के 119 सदस्यीय अरबपतियों में सिर्फ नौ महिलाएं हैं। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर की महिलाएं साल भर में 710 लाख करोड़ रुपए के मेहनताने के बराबर ऐसे काम करती हैं, जिनका कोई मानदेय नहीं मिलता। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के ग्रामीण इलाकों की महिलाएं हर रोज 291 मिनट और शहरी इलाकों की महिलाएं प्रतिदिन 312 मिनट ऐसे कामों में लगाती हैं, जिनके लिए उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता। वहीं शहरी इलाकों के पुरुष महिलाओं के मुकाबले महज 29 मिनट प्रतिदिन और ग्रामीण पुरुष 32 मिनट प्रतिदिन घर और बच्चों की देखभाल जैसे अवैतनिक कामों को देते हैं। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि आर्थिक गैर बराबरी का बढ़ता अनुपात देश के समावेशी विकास के साथ-साथ आधी आबादी को भी प्रभावित कर रहा है। दरअसल, सिर्फ भारत ही नहीं दुनियाभर में महिलाएं आर्थिक विषमता के दंश को सबसे ज्यादा झेलती हैं। देश का तो सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही कुछ ऐसा है कि घर की वित्तीय स्थिति के चलते सामने आने वाली परेशानियों से महिलाओं को जूझना ही पड़ता है। इतना ही नहीं महिलाओं के श्रम का मिल भी नहीं आंका जाता। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की महिलाएं घर और बच्चों की देखभाल जैसे बिना भुगतान वाले जो काम करती हैं, उसका मूल्य देश की जीडीपी के 3.1 फीसदी के बराबर ही है। हमारे परंपरागत सामाजिक ढांचे में सोच व व्यवहार के धरातल पर आज भी समानता और भेदभाव रहित व्यवहार महिलाओं के हिस्से नहीं आए हैं। विशेषकर गरीब परिवारों में तो स्थितियां चिंताजनक ही हैं। निन्संदेह ऐसे हालात उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और यहां तक सम्मानजनक जीवन जीने के हालातों को भी प्रभावित करते हैं। यही वजह है कि यह असमानता जन सामान्य के लिए ही नहीं आधी आबादी के लिए भी अब बेहद पीड़ादायी है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवनयापन के हालातों को संकेतक के रूप में लेकर किए जाने वाले ऐसे अध्ययन उन चिंताजनक परिस्थितियों को सामने लाते हैं जिनमें महिलाएं हर तरह से दोयम दर्जे की शिकार हैं। तभी तो ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स-2018 में भारत की 108वीं रैंकिंग का भी जिक्र किया गया है। इस मामले में भारत पड़ोसी देश चीन और बांग्लादेश से पीछे है। गौरतलब है कि ये सर्वे स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक भागीदारी और राजनीतिक सहभागिता के मानकों को लेकर किसी देश में महिलाओं की स्थिति को मापता है। जिनके आधर पर आधी आबादी के जीवन से जुड़े हर पहलू का जायजा लेने की कोशिश की जाती है। अगर इन मापदंडों को देखा जाए तो भारत में महिलाओं की स्थिति आज भी दयनीय है। कहना गलत नहीं होगा आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई भारत में पहले से मौजूद स्त्री-पुरुष की गैर बराबरी के हालातों को और पुख्ता करने वाली है।

# भारत के खिलाफ टूलकिट है विदेशी साजिश ?

**किसान आंदोलन की आड़ में क्या भारत में हिंसा फैलाने की साजिश रची गईं। क्या कनाडा स्थित खालिस्तानी संगठन से जुड़े लोग पंजाब में पुनः अपना अस्तित्व कायम करना चाहते हैं। दिल्ली के लाल किले पर 26 जनवरी को जो कुछ हुआ वास्तव में इस साजिश में विदेशी तागतों का हाथ था। किसान आंदोलन की आड़ में क्या पंजाब में खालिस्तान से जुड़े लोग एक बार फिर आतंकवाद की नई कोपलें उगाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में %टूलकिट% मामले में जो तथ्य सामने आएं हैं कम से कम वे इसी तरफ इशारा करते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़े रहीं है चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। अब तक %टूलकिट% के नव रत्नों का नाम बेनक़ाब हुआ है। भारत में %टूलकिट% पर राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। दिशा रवि और अन्य की गिरफ्तारी को मामले को लेकर सत्ता के खिलाफ विपक्ष लामबंद हो चला है। दिल्ली पुलिस की प्राथमिक जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उससे तो यही साबित होता है कि कनाडा में बैठे खालिस्तान संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मिल कर इस साजिश को अंजाम दिया। हालांकि अभी जांच की प्रक्रिया लम्बी चलेगी। इस साजिश में और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।**

दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को उग्र करने में टूलकिट का सहारा लिया गया। टूलकिट एक गूगल दास्ताबेज है जिसे अपनी सुविधा के अनुसार एडिट किया जा सकता है। सोशलमिडिया पर यह किट अपने संगठन से जुड़े लोगों के बीच वायरल की जाती है। इस टूलकिट में सारी बातें बिस्तार से लिखी होती हैं, जिसमें आंदोलन को कैसे भड़काना है। किस-किस को जोड़ना है। जिसके पास अधिक फॉलोवर होते हैं उसे बरीयता के आधार पर जोड़ा जाता है। इसमें सारी बातें लिखित होती हैं। टूलकिट में जिस तरह की बातें लिखी गई थीं लालकिले पर उसी तरह घटना को अंजाम दिया गया। देश की खुफ़िया एजेंसियों ने भी किसान आंदोलन की आड़ में हिंसा फैलाने की आशंका पहले ही जाहिर कर चुकी थी।

टूलकिट का मामला बेहद संवेदनशील है। यह मामला देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। दिल्ली पुलिस की जांच में अब तक जितने लोगों के नाम आए हैं आए हैं उनमें अधिकांश पर्यावरणविद और जलवायु एक्टिवस्ट हैं। सभी युवा और ग्लोबल स्तर पर चर्चित चेहरे हैं। लोगों ने बेहद कम उम्र में दुनिया में अपनी पहचान बनाई है, लेकिन उनकी साजिश बेहद ख़तरनाक है। दिशा रवि भी एक पर्यावरण कार्यकर्ता है वह कोई नाबालिक नहीं हैं। लेकिन इसमें खालिस्तान संगठन की भूमिका अहम् है।

दिशा अपनी सोच से लोगों को प्रभावित भी किया है, लेकिन जिस टूल किट का उपयोग कर देश और विदेश में बैठी उनकी टीम किसान आंदोलन को भड़काने और हिंसक बनाने की साजिश रची उसके लिए वह निश्चित रूप से जिम्मेदार हैं। दिशा को बचा कहना कहीं से भी उचित नहीं है। उसके शातिर दिमाग ने देश के खिलाफ साजिश रचने की कोशिश की है। एक अछी पढ़ी-लिखी लड़की विदेशी साजिश में आकर अगर इस तरह की सोच रखती है तो उसे मासूम युवा भला कैसे कहा जा सकता है। ग्रेटा थनबर्ग और दिशा के बीच हुए चैट खुद इसकी गवाही देते हैं। दिल्ली पुलिस



की जांच में अभी तक टूलकिट के नौ रत्नों के नाम सामने आएं हैं जिसमें दिशा रवि, निकिता जैकब, शांतनु, ग्रेटा थनबर्ग, पीटर फेड्रिक, अनिता लाल, एमओ भालीवाल, भजन सिंह भिंडरावाला समेत और नाम हैं। इसमें कुछ लोग खालिस्तानी संगठन से जुड़े हैं। शांतनु के ईमेल से टूलकिट वायरल हुआ है। वह खालिस्तानी संगठन से जुड़े एमओ भालीवाल के संपर्क में आया और किसान

आंदोलन से जुड़ कर टूलकिट को वायरल किया। शांतनु को अदालत से जमानत मिल चुकी है। उधर अनिता जैकब को भी मुंबई हाईकोर्ट से तीन हफ्ते तक गिरफ्तारी पर रोक लग गई है पुलिस इस बीच उसे गुरफ्तार नहीं कर सकती है।

भारत के साथ विदेश में बैठे लोग भी इस साजिश में शामिल हैं यह जांच एजेंसियों के लिए बड़ी बात है। खालिस्तान और आईएसआई की मिली भगत की बात जिस तरह सामने आयीं है उससे यहीं लगता है की भारत से सीधे मुकाबले में नाकामयाब पाकिस्तान अब खालिस्तान को आगे कर पंजाब में फिर आतंकवाद फैलाने की साजिश रचने में जुटा है। किसान आंदोलन को उसने इस साजिश को भुनाने का अछा मौका समझा।

आईएसआई भारत की संप्रभुता और अखंडता को बाधित करने की साजिश हमेशा से रचती चली आ रहीं है। इस मामले में सरकारी एजेंसियों को खुले मन से जांच करने देनी चाहिए। संवेदनशील मामलों पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। दिशा रवि की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस भेजा है और उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई उस पर सवाल उठाया है। लोगों का कहना है कि दिशा की गिरफ्तारी हैदराबाद से हुई तो उसे स्थानीय अदालत से ट्रांजिट रिमांड क्यों नहीं ली गई। दिल्ली पुलिस का कहना है कि नियमों के तहत दिशा रवि की गिरफ्तारी हुई है हालांकि अदालत के आदेश के बाद उसे गर्म कपड़े किताबें और परिजनों से बातें करने का मौका मिल गया है। दिशा रवि और ग्रेटा के चैट भी सामने आए हैं। जिसमें दिशा ने ग्रेटा से टूल किट को डिलीट करने की बात कहीं है उसने कहा भी है कि यह मामला तूल पकड़ रहा है उसके खिलाफ गंभीर कानूनों के तहत कार्रवाई भी हो सकती है। भारत की जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई जिसकी वजह से दिशा रवि घबरा गई। ग्रेटा ने उसे पूरा भरोसा दिलाया था कि वह घबराए नहीं उस पर कोई आँच नहीं आएगी वह इस मामले में अपने वकीलों से बात कर रही है। दोनों के चैट से यह साफ होता है की किसान आंदोलन की आड़ में टूलकिट के जरिए हिंसा फैलाने की साजिश रची गई।

किसान आंदोलन में अगर विदेशी साजिश का हाथ है तो यह देश के लिए बेहद खतरनाक है। टूलकिट के जरिए यह हिंसा फैलाने की बड़ी साजिश है। सरकार की जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। साजिश बेनकाब होनी चाहिए। हमारे राजनेता हमेशा अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं। जांच सरकार के दबाब में नहीं होनी चाहिए। किसी निर्दोष को बालि का बकरा नहीं बनाया जाना चाहिए। जांच में अगर टूलकिट जैसी साजिश साबित हो जाती है तो यह भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के खिलाफ है।

## अस्तित्व:एक नारी का

मैं गिरी हूँ और हारी भी हूँ,और उठ कर फिर चली हूँ ।
न किसी ज़माने की फ़िक्र, खुद से उड़ान भर चली हूँ ।।

जमाने वालो के इरादों को , कर नाकार चली हूँ ।
मैं खुद का अस्तित्व बनाकर,ज़माने से लड़ने चली हूँ ।।



न किसी से बैर , न ही किसी से डरकर चली हूँ ।
बन्दिशों में न रहकर,पंखों को आसमाँ में फैलाकर चली हूँ।।

नहीं रहना किसी का चाँद और सूरज बनकर ।
मैं खुद को एक सितारा, बनाकर चली हूँ ।।

अपने ख्वाबों को मुक़म्मल करने, कदम बढ़ाकर चली हूँ ।
और नहीं है दुनिया से होड़, मैं खुद का लक्ष्य बनाकर चली हूँ।।

और गिरी हूँ, हारी भी हूँ ,फिर सँभलकर चली हूँ ।
अपनी हार से सीख लेकर ,फिर उड़ान भर चली हूँ ।।

**डॉक्टर प्रिया पचौरी**
**वेटनरी कॉलेज जबलपुर(मध्यप्रदेश)**

## खुले रोजगार के नए रास्ते

हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने कारवैन टूरिज्म को मान्यता दे दी है। गुरुवार को ही मंत्रिमंडल की बैठक में पर्यटन नीति के तहत इसे मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब छोटी बड़ी गाड़ियों में रहने पकाने खाने की सुविधा का उपयोग किया जा सकेगा और इनके लिए अलग से पार्किंग बनाई जाएगी।सरकारी जानकारी में जानकारी दी गई है कि पर्यटन नीति 2016 के प्रावधानों के तहत पर्यटकों को कारवैन और कारवैन पार्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कारवैन पर्यटन नीति को अमल में लाने की मंजूरी दी गई है। कारवैन पार्क और कारवैन दो हिस्सों में इस नीति को बांटा गया है। राज्य सरकार के मुताबिक इससे राज्य में अलग-अलग हिस्सों में विविध प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन स्थलों का लाभ पर्यटक ले सकेंगे और इससे रोजगार भी बढ़ेगा।पर्यटन नीति 2016 के मुताबिक जो लाभ पर्यटन से जुड़े अन्य उद्योगों को मिल रहे हैं, जैसे स्टैंप ड्यूटी में छूट, जीएसटी का रिटर्न, बिजली की दरों में छूट, वही सब कारवैन पार्क और कारवैन पर्यटन को भी मिलेंगे। कारवैन पर्यटन नीति के तहत कारवैन और कारवैन पार्क का रजिस्ट्रेशन टूरिज्म डायरेक्टरेट में कराना अनिवार्य होगा। कारवैन और कारवैन पार्क के संचालकों को टूरिज्म डायरेक्टरेट की तरफ से मार्केटिंग, स्वच्छता और मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया भी जाएगा। साथ ही कारवैन और कारवैन पार्क के प्रचार प्रसार में भी मदद की जाएगी। इससे पर्यटकों को रहने की नई सुविधा के साथ-साथ निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। होटल और रिसॉर्ट में रुकने के पारंपरिक तरीके के बजाय लोग एक नया अनुभव ले सकेंगे। राज्य के दुर्गम इलाकों में इससे नए रोजगार पैदा होंगे।कारवैन नया शब्द नहीं है यह विदेशों में काफी प्रचलित है 7 कारवैल का मतलब छोटी-बड़ी ऐसी गाड़ी, जिसमें सोने, रहने, ठहरने के लिए आरामदेह बिस्तर, किचन, टॉयलेट, सोफा-टेबल और जरूरत की तमाम सुविधाएं मौजूद होती हैं। कारवैन कई तरह की होती हैं ।बताया जाता है कि मूलभूत सुविधाओं से संपन्न जगहों पर कारवैन पार्क बनाए जाएंगे। जहां छोटी बड़ी, सिंगल एक्सेल, मल्टी एक्सेल कारवैन पार्क की जा सकेंगी। कारवैन पार्क सरकारी और प्राइवेट दोनों जगहों पर बनाए जा सकेंगे। जहां पर तमाम मूलभूत सुविधाएं मौजूद होंगी। इस बारे में ज्यादा जानकारी महाराष्ट्र टूरिज्म की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। इस उद्योग को महाराष्ट्र तक ही सीमित न रख हर राज्य को अपनाने की जरुरत है क्योकि पर्यटन भारत का सबसे विशाल सेवा उद्योग है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का प्रत्यक्ष योगदान 37 प्रतिशत है जबकि कुल प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष योगदान 6.8 प्रतिशत है। देश के रोजगार मे पर्यटन क्षेत्र का प्रत्यक्ष योगदान 4.4 प्रतिशत है, जबकि कुल प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान 10.2 प्रतिशत तथा अर्द्धकुशल श्रमिकों को भी बेहतर रोजगार उपलब्ध कराता है। भारत में पर्यटन क्षेत्र इस बात का प्रमाण है, कि पिछ्ले दशक में इस क्षेत्र में संतोषजनक बढोतरी हुई है। भारत मे वर्ष 2012 के दौरान 60 लाख 58 हजार विदेशी पर्यटक आए जबकि 2012 मे घरेलू सैलानियों की संख्या एक अरब 2 करोड़ 70 लाख रही है।

## जाने कहां गया

घबराकर उसने अपनी राह बदल ली
फिर कोई नहीं जानता वो कहां गया ।

वो जो अपने वादे पर मर मिटता था
वादा तोड़ के वो जाने कहां गया ।।



यूं तो तन्हा था हर शख्स उस रहा का
वो अपनी तन्हाई लेकर जाने कहां गया

यकीनन सबको थी मंजिल की जुस्तजू
वो अपनी मंजिलें आरजू लेकर जाने कहां गया ।।

जाने क्या दीवानगी थी उसे इश्क में
वो अपनी दीवानगी लेकर जाने कहां गया।।

चांदनी रात में झूम उठता वह याद में
वो अपनी यादें लेकर जाने कहां गया ।

उसका इंतजार शायद किसी को नहीं था
वो अपना साया लेकर जाने कहां गया ।।

साहिल था वो मगर उसे साहिल ना मिला
वो अपनी कश्ती लेकर जाने कहां गया।

**कमल राठौर साहिल**
**शिवपुर - मध्य प्रदेश**

## विश्वास करें कि आप सफल हो सकते हैं और आप हो जाएँगे..

हिम्मत कभी न हारो मन की,
स्वयं पर अटूट विश्वास रखो।
मंजिल खुद पहुंचेगी तुम तक,
मन में सोच कुछ खास रखो।

सफलता पाना यानी अपनी इच्छाओं की पूर्ति करना और अपने मनपसंद वातावरण के साथ साथ अपनी पसंदीदा वस्तुओं को प्राप्त करना जो हर मनुष्य की चाहत होती है जीवन में अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए हर इंसान निरंतर प्रयास करता है यानी हर इंसान चाहता है कि वह अमीर हो, उसका शानदार घर हो, देश एवं विदेश भ्रमण के लिए सुख सुविधाएं उपलब्ध हो, मार्केट में आने वाली हर नई वस्तु उसके पास उपलब्ध हो,भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा के साथ ही अपने बच्चों व अन्य परिवार जनों को ज्यादा से ज्यादा खुशहाली देना यह हर मनुष्य का सपना होता है इसके साथ ही मनुष्य अपनी सफलता का एक और मतलब निकालता है वह है समाज संसार मे प्रशंसा का पात्र बनना, लीडर बनना,अपने बिज़नेस और सामाजिक जीवन में सम्मान पाना,डर, कुंठाओं और असफलता से आज़ादी पाकर स्वयं का आत्म-सम्मान बनाये रखना पर यह सब हमारे खुद के सकारात्मक विचारों पर निर्भर है यानी जिंदगी में असली सुख और संतुष्टि पाना किसी और पर नही खुद हम पर निर्भर हैं, सफलता - उपलब्धि - मनुष्य जीवन का लक्ष्य होना चाहिये इसके लिए हमे अपने स्वयं के बनाए हुए लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए असफलताओं का सामना करके भी सफलता की सीढ़ी तक पहुंचने के लिए मेहनत का यह क्रम लगातार चलते रहना चाहिए वर्तमान में अगर हम अपने आसपास के



माहौल को देखेंगे तो
हर इंसान चाहता है कि उसे जिंदगी का हर सुख मिले,कोई भी मनुष्य घिसट घिसटकर ज़िन्दगी नहीं जीना चाहता। कोई भी इस तरह का जीवन नहीं गुज़ारना चाहता जिसमे उसे कष्टों का सामना करना पड़े इन सब सुविधाओं की चाह रखने के बाद भी मनुष्य सकारात्मक कम नकारात्मक ज्यादा सोचता है वह सिर्फ सुविधाएं पाने के सपने देखता है जबकि आवश्यकता मनुष्य को सुविधाओं को प्राप्त करने का लक्ष्य बनाकर निरंतर कार्य करने की होती है जिस पर वह ध्यान नहीं देता हमारी जिस भी फील्ड में कार्य करने की इच्छा हो उस फील्ड में मेहनत करने से निश्चित ही सफलता मिलती है जिसके उदाहरण समय-समय पर हमारे सामने आते रहते हैं सफल जीवन हेतु हमे अपने कार्य पर आस्था और विश्वास रखना होगा। विश्वास करें कि हम यह काम कर सकते हैं इसके बाद हम जिस काम को करने की सोचते हैं निश्चित ही हमारा वह काम सफल होता है हमने अभी तक आस्था और इच्छा के बीच के अंतर को ठीक से नहीं समझा है, सच है यह कि केवल इच्छा करने भर से आप सफल नहीं हो सकते, केवल इच्छा करने भर से आप पाँच मंजिल मकान और शोरूम फैक्टरी के मालिक नहीं बन जाते या हम अमीर नहीं बन जाते। केवल इच्छा करने भर से आप लीडर भी नहीं बन जाते लेकिन इच्छा के साथ खुद पर भरोसा करके और अपने काम पर आस्था रखकर आप सफलता हासिल कर सकते हैं।

सोच हमारी सही दिशा पर,
संकल्पों का संग रथ हो।
दृढ़ निश्चय कर लक्ष्य को भेद।
चाहे कितना कठिन पथ हो।

***सरिता जैन मुरैना***



# पापड़ बनाती नजर आएगी कियारा

बॉलिवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी लगातार अलग तरह के किरदार फिल्मों में निभा रही हैं। हाल में फिल्म %लक्ष्मी% में दिखाई दीं कियारा ने एक और नई फिल्म साइन की है जिसका नाम %कर्रम कुर्रम% है। डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर फिल्म को प्रड्यूस करने जा रहे हैं और फिल्म में कियारा उस महिला का किरदार निभाने जा रही हैं, जिन्होंने मशहूर लिज्जत पापड़ शुरू किया था। बता दें कि लिज्जत पापड़ के विज्ञापन की टैग लाइन में भी %कर्रम कुर्रम% का इस्तेमाल होता रहा है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि किस तरह से श्री महिला गृह उद्योग के लिज्जत पापड़ ने हजारों लाखों गरीब महिलाओं की जिंदगी बदल दी। फिल्म का डायरेक्शन ग्लेन बैरेटो और अंकुश मोहला करने वाले है। इसके अलावा कियारा इस समय फिल्म %जुग जुग जीयो% की शूटिंग कर रही हैं जिसमें उनके साथ वरुण धवन, अनिल कपूर और नीतू कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। साथ ही परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक %शेरशाह% में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ भी नजर आएंगी।



# पापा की चाहत धमाकेदार एंट्री हो इब्राहिम की

अभिनेता सैफ अली खान अपने बच्चों से बेहद प्यार करते हैं। वह जल्द चौथी बार पिता बनने जा रहे हैं। सैफ हमेशा अपने बच्चों के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सवाल से घिरे दिखाई देते हैं। सारा की बॉलीवुड में एंट्री हो गई है, लेकिन अब बेटे इब्राहिम अली खान के डेब्यू को लेकर सैफ ने चुप्पी तोड़ी है। सैफ ने कहा कि इब्राहिम की शुरुआत ऋतिक की तरह हो। उन्होंने कहा कि मैं ये चाहता हूं कि जैसी धमाकेदार एंट्री ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड में ली थी, वैसे ही धमाका इब्राहिम अली खान करें। सैफ ने कहा कि बेहतर होगा कि अभी वह कम से कम दिखाई दें। अभी इब्राहिम को बहुत कुछ सीखना है। सोशल मीडिया से उन्हें दूर रहना चाहिए और समय पर स्क्रीन पर आकर धमाका करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये ठीक भी है, क्योंकि हम बड़ी स्क्रीन पर एक और नया चेहरा देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। लेकिन जल्दी भी नहीं कर सकते हैं।

# काजोल ने महिलाओं को बताई कुछ प्रेरणादायक बातें

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने महिलाओं के लिए कुछ प्रेरणादायक बातें कही हैं। उन्होंने कहा ?कि महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं। हालां?कि काजोल सोशल मीडिया पर अकसर ऐसी प्रेरणादायक बातें व कहावतें साझा करती रहती हैं। इसके साथ वह अपने दैनिक जिंदगी की झलकियां भी अपने प्रशंसकों को देती रहती हैं। काजोल ने अपने सत्यापित इंस्टाग्राम अकांउट पर ÷हैशटैगविमेनकैनडूएनीथिंग÷ का इस्तेमाल करते हुए लिखा ?कि ÷अगर आप किसी चीज के योग्य हैं, तो वैसा कभी भी बन सकते हैं। अपने मन मुताबिक बनने में कभी देर नहीं हुई रहती है।÷ वहीं, वर्कफ्रंट पर काजोल %त्रिभंगा% के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखने के लिए तैयार हैं। इसकी कहानी मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह एक परिवार की तीन पीढ़ियों के आधार पर बुनी गई एक जटिल कहानी है। फिल्म को दिग्गज अभिनेत्री रेणुका शहाणे ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसमें तन्वी आजमी और मिथिला पालकर जैसी अभिनेत्रियां भी हैं।



# परफेक्ट बॉडी शेप के लिए करें फॉलो, प्री-वेडिंग डाइट प्लान

शादी का सीजन जोरों-शोरों से चल रहा है. शादी से पहले लड़कियां को सबसे ज्यादा इस बात की टेंशन होती है कि कहीं वह लहंगे में ज्यादा मोटी ना लगे. इसके चक्कर में लड़कियां शादी से पहले एक समय का खाना छोड़ देती हैं या हार्ड वर्कआउट करने लगती हैं लेकिन इससे शरीर में सिर्फ कमजोरी आती है और चेहरे का ग्लो भी छिन जाता है. आज हम आपको बताएंगे स्पेशल डाइट के बारे में बताएंगे, जिससे वेडिंग डेट्स के हिसाब से फॉलो करके आप मनचाहा फिगर पा सकती हैं.

अगर आपकी शादी को 6 महीने पड़े हैं तो आप बिना किसी टेंशन के सिर्फ इस डाइट चार्ट को फॉलो करती रहें.



इससे ना सिर्फ आपका वजन कम होगा बल्कि वह कंट्रोल में भी रहेगा. सुबह सबसे पहले आप ग्रीन टी के साथ 5-6 भीगे हुए बादाम लें. इसके बाद ब्रेकफास्ट में वेजी ओट्स, इडली सांभर, 3 एग व्हाइट का आमलेट और संतरे का फ्रेश जूस लें.

स्नैक्स- मूंगफली, चने व अंकुरित दाल का सलाद लें.

लंच- लंच में आप दाल व सब्जी के साथ रोटी या चावल खाएं.

स्नैक्स- फलों का सलाद, मुट्ठी भर नट्स या मक्खाने खाएं.

डिनर- रात के खाने में ग्रिल्ड व रोस्टेड चिकन या सब्जियां, पोटैटो मैश, बेसन चीला, मेथी की रोटी, दाल और सब्जी खाएं.

शादी से 3 महीने पहले का डाइट चार्ट

शादी से 3 महीने पहले आप इस डाइट चार्ट को फॉलो करके अपने वजन को कंट्रोल कर सकती हैं. साथ ही इससे आपके चेहरे पर ग्लो भी बना रहेगा.

# द?िलजीत दोसांझ के साथ पंजाबी फिल्?म में शहनाज ग?िल आएंगी नजर

**मुंबई।** बगि बॉस 13 में अपने अनोखे अंदाज से सब की फेवरेट बन चुकीं पंजाबी सगिंर-एक्ट्रेस शहनाज गलि को एक बड़ा ऑफर मलिा है। शहनाज जल्द ही दलिजीत दोसांझ की पंजाबी फिल्म में नजर आने वाली हैं। शहनाज पछिले कुछ समय से लगातार अपने वीडियो शूट करने में बजिी हैं, लेकिन वो इस फिल्म की शूटिंग के लिए कनाडा रवाना हो चुकी हैं। हौसला रख टाइटल की इस पंजाबी फिल्म में शहनाज दलिजीत दोसांझ और पंजाबी फिल्मों की एक्ट्रेस सोनम बाजवा के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगी। गौरतलब है कि इस फिल्म का प्रोडक्शन भी दलिजीत ही कर रहे हैं और ये फिल्म उनकी नई प्रोडक्शन कंपनी प्रोड्यूज करने जा रही है। फिल्म की शूटिंग कनाडा के वेंकूवर में होगी। पंजाबी फिल्मों के प्रसिद्ध एक्टर कॉमेडियन गप्पी ग्रेवाल का बेटा शदिा ग्रेवाल भी इस फिल्म में नजर आने वाला है। ये फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। बगि बॉस 13 में नजर आने के बाद शहनाज गलि और इस सीजन के वनिर रहे सद्धिार्थ शुक्ला की जोड़ी को लोगों ने खूब पसंद किया। शो से बाहर आने के बाद भी शहनाज और सद्धिार्थ यानी सडिनाज के फैंस में कोई कमी नहीं आई और शायद यही कारण है कि ये जोड़ी दो गानों में भी साथ नजर आ चुकी है। ऐसे में ये पंजाबी फिल्म शहनाज के लिए काफी बड़ा ब्रेक साबति हो सकती है। 28 साल की शहनाज की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैनफॉलोइंग है।



# लाल मिर्च दूर करती है खांसी, जानिए उपयोग का सही तरीका

**सुनने में यह बात बड़ी अजीब लगती है, लेकिन खांसी में लाल मिर्च दवा के रूप में कार्य कर सकती है. वास्तव में लाल मिर्च को यदि एक औषधि के रूप में प्रयोग किया जाए तो यह न सिर्फ खांसी को कम करने में मदद करती है, बल्कि खांसी से सीने में होने वाले दर्द को भी कम करती है. इसके लिए एक चौथाई छोटा चम्मच लाल मिर्च, एक बड़ा चम्मच सेब का सिरका, एक बड़ा चम्मच शहद, एक चौथाई छोटा चम्मच अदरक का रस और दो बड़े चम्मच पानी का मिश्रण तैयार कर लें. खांसी होने पर दिन में दो से तीन बार इस मिश्रण का सेवन करें. यही नहीं खांसी ठीक करने के और भी कई आसान घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं आइए जानते हैं इन नुस्खों के बारे में-**



लहसुन एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है. यह सर्दी जुकाम की अचूक औषधि है. इसके इस्तेमाल के लिए एक कप पानी में दो से तीन लहसुन, एक चम्मच अजवाइन और बहुत कम मात्रा में लाल मिर्च डालकर दो मिनट के लिए उबाल लें. इसके थोड़ा ठंडा होने के बाद शहद मिलाकर दिन में दो बार सेवन करने से खांसी ठीक होती है, हालांकि इससे कफ की समस्या भी ठीक हो सकती है. या फिर आप चाहें तो पीसी हुई लहसुन, लौंग के तेल की कुछ बूंदे और थोड़ा सा शहद का मिश्रण तैयार करें और इसका सेवन करें, यह खांसी में राहत दिलाने में असरदार है. हल्दी अपने आप में एक आयुर्वेदिक जड़ी बूटी है. खांसी के लिए यह एंटी बायोटिक दवा के रूप में कार्य करती है. इसके लिए आधा कप पानी को गर्म कर इसमें एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक चम्मच काली मिर्च डालकर मिला लें. इसमें चाहे तो दालचीनी भी मिला सकते हैं. इसे दो से तीन मिनट के लिए उबाल लें. अब इसमें शहद मिलाकर खांसी होने पर इसका नियमित सेवन करें, इससे खांसी दूर हो जाती है. इसके अतिरिक्त हल्दी की जड़ को भूनकर इसे अच्छी तरह पीस लें. अब इस पाउडर को पानी में डालें और इसमें शहद मिलाकर पिएं, इससे खांसी से राहत मिल सकती है. गर्म दूध में शहद मिलाकर सेवन करने से सर्दी जुकाम में यह आयुर्वेदिक औषधि का कार्य करता है. इसके लिए दूध को गर्म करें, इसमें चीनी मिलाने के बजाय शहद मिलाएं और रात में सोने से पहने पी लें. यह कफ को दूर करता है और सर्दी जुकाम से भी छुटकारा दिलाता है. शहद में एंटी बैक्टेरियल गुण भी होते हैं, जो खांसी जैसी समस्या को ठीक कर सकते हैं.

# विश्वविद्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता जरुरीः राज्यपाल पटेल

## 98वीं विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि कार्यों में पारदर्शिता, नीति नियम का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। विश्वविद्यालयीन परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होते ही विद्यार्थियों मार्कशीट और प्रमाण-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराएं, जिससे विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन अथवा रोजगार संबंधी आवेदनों में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। श्रीमती पटेल आज राजभवन में 98वीं विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा भी मौजूद थे। राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह गरिमामय और भव्यता के साथ होना चाहिए। समारोह की समस्त गतिविधियों के लिये निश्चित प्रक्रिया निर्धारित कर आयोजित करने के निर्देश दिये। निर्माण कार्यों को पूरा करने के साथ ही एजेन्डा अनुसार समय-सीमा में पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के हितों के अनुसार व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाये कि किसी एक स्थान पर फीस जमा कर देना विद्यार्थी के पाठ्यक्रम और संस्थान के विकल्पों के चयन में बाधक नहीं हो। इसके लिए प्रवेश के समय शुल्क केन्द्रिकृत बैंक खाते में जमा कराने संबंधी व्यवस्था का परीक्षण किया जाये। श्रीमती पटेल ने कहा कि



विश्वविद्यालयों को नई शिक्षा नीति के अनुरुप आत्म-निर्भर बनाने की पहल की जाये। उन्होंने उत्तरप्रदेश के चिकित्सा और तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वारा किए गए आपसी समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने-अपने संसाधनों के आधार पर उपकरणों के निर्माण, मरम्मत और संसाधनों के उपयोग आदि के कार्य एक-दूसरे से करा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विश्वविद्यालयों को कृषि एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ आपसी समझौते पर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में छात्रों की सहभागिता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का यह दायित्व है कि विद्यार्थी को जिम्मेदार नागरिक बनाये। अतः परिसर और बाहर के आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। ऐसी गतिविधियों को वार्षिक कैलेंडर में स्पष्ट रुप से उल्लेखित करें। राज्यपाल ने कहा कि कुलपति टीम बनाकर कार्य करें। अनुभवी अधीनस्थ लोगों का सहयोग लें और उन्हें दायित्व सौंपे कि छात्र प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद के कार्यक्रम हों। उन्होंने कहा कि स्ववित्त पोषण योजना में नये पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी होने चाहिए। पाठ्यक्रमों की स्वीकृति, संचालन, संकाय की नियुक्ति और वेतन आदि व्यवस्थाओं में एकरूपता बनाई जायें। उन्होंने नई नियुक्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ और सभी साक्षात्कारों की रिकार्डिंग भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्वविद्यालयों में अच्छे नवाचारों को निरंतर किये जाने पर जोर दिया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए तालमेल के साथ कार्य करें।

उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर नवाचार के साथ प्रयास करें, तभी वर्तमान समय की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत विश्वविद्यालयों के बीच पारस्परिक समन्वय और सामंजस्य बनाकर एक दूसरे की मदद करने की है।

## प्रोटेम स्पीकर श्री शर्मा ने नल जल योजना के कार्यों का शिलान्यास किया

**भोपाल।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकीय विभाग के सिविल एवं मैकेनिकल संकाय द्वारा भोपाल जिले के फन्दा विकासखण्ड में 23 ग्रामों टीलाखेड़ी, कोड़िया, बरखेड़ी, खामखेड़ा, बरखेड़ाधाम, बकानिया, मित्तुखेड़ी, जाटखेड़ी, बावड़ी खेड़ा, भोजनगर, खाड़ाबढ़, खड़बमुलिया, सेवनियां, लालपुरा, कुशलपुरा, चाचेड़, पुरामन भवन, कल्याणपुरा, शोभापुर जाटव, खारखेड़ी, भौरी, खजूरी सड़क, एवं पचामा में पेयजल उपलब्ध कराने के कायों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन 23 ग्रामों में नल जल योजनओं के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के कार्यों का शिलान्यास दिनांक 20 फरवरी, 2021 को रामेश्वर शर्मा, प्रोटेम स्पीकर एवं विधायक हुजूर विधानसभा के द्वारा सम्पन्न हुआ। इन योजनाओं की लागत राशि रु. 6.667 करोड़ है, जिनके माध्यम से इन 23 ग्रामों में 2884 एफएचटीसी के माध्यम से 187727 ग्रामीण जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

# अवैध कॉलोनियो के खिलाफ शासन ने अपनाये कड़े तेवर

**भोपाल।** राजधानी में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ शासन ने कडे कदम उठाने शुरू कर दिये है। कलेक्टर के आदेश के 24 घंटे बाद ही भोपाल में अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए है। इसमें रातीबड़ में 5, गोविंदपुरा में 2 और बिलखिरिया में 1 रिर्पोट दर्ज की गई है। नगर निगम के उपयंत्री ने शिकायती आवेदन देकर यह मामले दर्ज कराए। इनमे महिलाओं समेत 25 से ज्यादा आरोपी बनाए गए हैं। रातीबड़ पुलिस के अनुसार गोरेगांव में 4 और बरखेड़ी कला में एक अवैध कॉलोनी के खिलाफ नगर निगम के उपयंत्री अंकित शाक्य ने शिकायत की थी। इधर, गोविंदपुरा पुलिस ने उपयंत्री योगेंद्र शर्मा की शिकायत पर दो और बिलखिरिया पुलिस ने उपयंत्री श्रीपदा दीक्षित की शिकायत पर एक मामला अवैध कॉलोनी अधिनियम के तहत दर्ज किया है। बताया गया है कि इन मामलो में अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। वही प्रकरणो मे आरोपी बनाए गए लोगों के खिलाफ पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। उसकी वसूली भी उन्हीं से की जाएगी। राहत की बात यह है कि इन कॉलोनियो मे जमीन खरीदने वालों को इससे दूर रखा गया है। अधिकारियो से मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले बिलखिरिया में दर्ज कराया गया है, जिसमें धोखाधडी की धारा के तहत 292 सी, मप्र नगर पालिका अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। इस मामले में कॉलोनी विकसित करने वाले रामशरण प्रजापति ने खसरे में हेराफेरी कर बिना अनुमति प्लॉट काटकर कॉलोनी बना रही थी। इसी तरह मैदानों का तहसीलदार कार्यालय से बिना डायवर्सन कराए, नगर निगम और जिला प्रशासन से कॉलोनी निर्माण और प्लॉट विकसित कर उसे बेचने की अनुमति के बिना सीधा प्लॉट काटकर कॉलोनी विकिसित करने वाले प्रापर्टी डीलर और बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। रातीब्रत पुलिस के अनुसार ग्राम सेवनिया में कॉलोनी काटने वाले स्नेह प्रभा, इंदु प्रभा, शशि प्रभा, गंगाराम, अरविंद सिंह, रौनक सिंह, चारू सिंह, उमा श्रीवास्तव, मुकेश गर्ग, उमर अहमद और उमर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अभी 292 सी, नगर पालिका अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने पर चार सौ बीसी की धारा लगाई जाएगी। गौरतलब है कि भोपाल शहर मे नगर निगम में 96 कॉलोनी चिह्नित की गई हैं, जो अवैध हैं, इनमें से कई डेवलपर के खिलाफ मामले दर्ज किये गये है।

**25 से अधिक आरोपियो के खिलाफ कई मामले दर्ज**

## दीपक गोयल दम्पत्ति के प्रयासों से बदली क्षेत्र की तस्वीर

# सुन्द्रेल की पथरीली पहाड़ी पर बाँस की हरी भूमि



भोपाल। पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर दीपक गोयल एक दशक पहले तक अमेरिका में एक कम्पनी से अच्छी खासी नौकरी छोड़कर मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के अपने गाँव सुन्द्रेल में खेती करने के इरादे से आ गये। उन्होंने सुन्द्रेल की पथरीली पहाड़ी पर बाँस की %हरी भूमि% करने के लिये पहाड़ी के आस-पास के क्षेत्र की मुरुमी पथरीली भूमि को खेती के लायक बनाने के लिये दिन-रात मशक्कत की। नतीजा यह कि अब बाँस-रोपण और बाँस आधारित उद्योग के जरिये न केवल उनका परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध हुआ, बल्कि बाँस-रोपण की देख-रेख के लिये 30 परिवारों को जोड़ने के अलावा बाँस काड़ी से अगरबत्ती बनाने की 2 इकाइयों में 70 महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। इंजीनियर दीपक गोयल को अपनी संगिनी शिल्पा गोयल के साथ प्रदेश लौटते वक्त बाँस की खेती से जुड़ने का ख्याल नहीं आया। उन्होंने यहाँ आकर सबसे पहले फल उद्यानिकी के कार्य को हाथ में लिया। इसके बाद उनके दिमाग में बाँस प्रजाति का उपयोग कर अपनी और क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने का जुनून सवार हो गया। गोयल दम्पत्ति ने विभिन्न राज्यों में जाकर बाँस की खेती और इससे जुड़े उद्योगों की बारीकियों को समझा। फिर उन्होंने प्रदेश के वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया। दो साल पहले गोयल दम्पत्ति ने बाँस मिशन से सब्सिडी प्राप्त कर बड़े पैमाने पर टुल्ड़ा प्रजाति के बाँस के पौधे त्रिपुरा से लाकर रोपित किये। गोयल दम्पत्ति द्वारा भीकनगाँव के ग्राम सुन्द्रेल, सांईखेड़ी, बागदरी और सनावद तहसील के ग्राम गुंजारी में तकरीबन 150 एकड़ एरिया में बाँस का रोपण किया गया। इन्होंने बाँस मिशन योजना में सब्सिडी प्राप्त कर पिछले साल बाँस की काड़ी से अगरबत्ती बनाने की दो इकाई भी प्रारंभ की। इस वक्त इन इकाईयों में 70 महिलाओं को सतत रूप से रोजगार मिल रहा है। अपने अनुभव साझा करते हुए दीपक गोयल ने बताया कि किसानों को इस गलतफहमी को दिमाग से निकाल देना चाहिये कि बाँस के रोपण के बाद अन्य नियमित फसलें नहीं ली जा सकती। उन्होंने स्वयं बाँस-रोपण में इंटरक्रॉपिंग के रूप में अरहर, अदरक, अश्वगंधा, पामारोसा आदि फसलों का उत्पादन प्राप्त किया है। उनका कहना है कि इंटरक्रॉपिंग से कुल लागत में कमी आती है और खाद तथा पानी से बाँस के पौधों की बढ़त काफी अच्छी होने से समन्वित रूप से सभी फसलों में लाभ प्राप्त करना सहज मुमकिन है मध्यप्रदेश राज्य बाँस मिशन बाँस के पौधे लगाने पर हितग्राही को 3 साल में प्रति पौधा 120 रुपये का अनुदान देता है। इसमें किसान की लागत बेहद कम आती है। खासियत यह भी है कि इस फसल पर कोई बीमारी या कीड़ा नहीं लगता, जिससे महँगी दवाएँ और रासायनिक खाद के उपयोग की जरूरत भी नहीं पड़ती।

# मां नर्मदा के प्रति जन भावनाओं का प्रकटीकरण है नर्मदापुरम : विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम किए जाने की घोषणा करके क्षेत्रीय जनता की बरसों पुरानी मांग को पूरा कर दिया है। इसके लिए मैं नर्मदांचल क्षेत्र और समूचे प्रदेश की जनता को बधाई देता हूं, साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद देता हूं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा नर्मदा जयंती के अवसर पर होशंगाबाद में की गई घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट पर स्थित इस शहर की



पहचान सदियों से एक तीर्थ के रूप में रही है और यह आसपास के जिलों के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। विभिन्न पर्वों और त्योहारों पर पवित्र नर्मदा में स्नान के लिए आने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर सहज ही इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है। इसके अलावा यह शहर नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। श्री शर्मा ने कहा कि होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम किए जाने से इस नर्मदानगरी को उसकी सही पहचान मिल सकेगी साथ ही मां नर्मदा के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाली जनता की अभिलाषा भी पूरी होगी। इसके लिए लोग बरसों से मांग करते रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यह घोषणा करके एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार सच्चे अर्थों में जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है और जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाली सरकार है।

## अभा कांग्रेस के महासचिव मुकुल वासनिक का दौरा कार्यक्रम

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक 27-28 फरवरी और 01 मार्च को प्रदेश के इंदौर, बुरहानुपर, खंडवा, खरगोन एवं बड़वानी जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रशासन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया है कि श्री वासनिक अपने प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम अनुसार 27 फरवरी को सुबह 6.50 बजे इंदौर पहुंचेंगे और वे वहां से सुबह 8 बजे बुरहानपुर के लिए रवाना होंगे। श्री वासनिक पूर्वान्ह 11 बजे बुरहानपुर में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे बुरहानपुर से खंडवा जायेंगे और अपरान्ह 3.30 बजे खंडवा में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों की बैठक लेंगे।

# भारत के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में एक समृद्ध विरासत है : राज्यपाल

## देश एक बार फिर जगतगुरू बनने की दिशा में अग्रसर

**भोपाल।** भारत के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में एक समृद्ध विरासत है। देश एक बार फिर जगतगुरू बनने की दिशा में अग्रसर है। विक्रम विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना एवं आगामी-सत्र से विभिन्न अध्ययन शालाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉरेंसिक, फूड टेक्नालॉजी, हार्टिकल्चर और मत्स्य पालन सहित 100 से अधिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहे हैं। आशा है यह नवीन प्रयास क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र के विकास में सहयोग कर विश्वविद्यालय के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे। राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने यह बात आज विक्रम विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षान्त समारोह में कही। दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने 325 छात्रों को वर्ष 2018-19 की पीएचडी उपाधि, स्नातक वर्ष 2018-19 की उपाधि तथा स्नातकोत्तर वर्ष 2018-19 की




उपाधि एवं मेडल वितरित किये। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. डी.पी. सिंह, विधायक पारस जैन, कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय, कुलसचिव डॉ. उदय नारायण शुक्ल, विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य राजेशसिंह कुशवाह, सचिन दवे, सुश्री ममता बेंडवाल तथा डॉ. विनोद यादव सहित संकायाध्यक्ष, छात्र एवं प्राध्यापक मौजूद थे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें एक नई शिक्षा नीति को स्वीकार करने का सुयोग प्राप्त हुआ है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं शताब्दी की प्रथम शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिये अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। शिक्षा नीति में भारत की महान प्राचीन परम्परा तथा उसके सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाया गया है। प्रत्येक व्यक्ति में निहित अपरिमित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर नीति में विशेष रूप से बल दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग इस नीति के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा तथा एकाग्रता के साथ निभा रहा है। दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. डी.पी. सिंह ने कहा कि राष्ट्ररूपी नौका का खिवैया युवा वर्ग ही होता है। उनमें छलकता हुआ जोश, कुछ कर गुजरने का जुनून, आंखों में संजोये हुए भविष्य के सपने, सुन्दर कल की उम्मीद, आसमान को छू लेने की ललक होती है। युवा ही शासक, प्रशासक, शिक्षक, वैज्ञानिक, संगीतकार, साहित्यकार, चिकित्सक, अभियंता एवं कलाकार के रूप में अपने योगदान से सम्पूर्ण विश्व में राष्ट्र की विशेष पहचान स्थापित करते हैं। नई पीढ़ी की अनन्त सृजनशीलता और असीम जिज्ञासा के परिपोषण हेतु उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने स्वागत उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि अवन्तिका के विद्या वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से 1957 ईसवीं में विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। स्थापना के वर्ष से वर्तमान तक विश्वविद्यालय निरन्तर अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अग्रसर है। वर्तमान में विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार उज्जैन संभाग के सात जिलों में फैला है, जिसमें कुल 188 महाविद्यालय एवं 14 शोध केन्द्र हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा 31 अध्ययन केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।



इंग्लैंड में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

## मैदान पर खेलते समय अनुष्का का रहता है बड़ा सपोर्ट : विराट कोहली

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली और उनकी जीवन साथी बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के बीच की केमेस्ट्री गजब की है। दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में कमाल का काम कर रहे हैं। दोनों प्रोफेशनल फ्रंट पर जितने कामयाब हैं उतना ही पर्सनल लेवल पर भी एक दूसरे के साथ जुड़ाव रखते हैं। इतनी बिजी वर्क लाइफ होने के बावजूद अनुष्का और विराट एक दूसरे के लिए न सिर्फ वक्त निकाल लेते हैं बल्कि एक दूसरे के बीच उस प्यार को भी कम नहीं होने देते जिसके चलते उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक माना जाता है। हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान मार्क निकोलस से बातचीत में विराट कोहली ने बताया कि जब वह ग्राउंड पर होते हैं तो किस तरह से प्रेशर को हैंडल करते हैं। इसके जवाब में विराट ने कहा कि इस मामले में 70 प्रतिशत आपकी टेक्नीक होती है और 30 प्रतिशत आपका माइंड गेम होता है। उन्होंने बताया कि किस तरह जब भी बात खेल की आती है तो अच्छा परफॉर्म करने में अनुष्का हमेशा उनके लिए एक स्ट्रॉन्ग पिलर साबित हुई हैं।

## न्यूज़ीलैंड के कोच का बड़ा बयान- 20 खिलाड़ी लेकर आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होना है। टूर्नामेंट को लेकर न्यूजीलैंड के कोच गेरी स्टेड ने कहा कि वे 20 खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट खेलने आ सकते हैं। अब तक टी20 वर्ल्ड कप के छह सीजन हो चुके हैं और न्यूजीलैंड की टीम कभी भी फाइनल में नहीं पहुंच सकी है। टीम ने दो बार 2007 और 2016 में सेमीफाइनल में जगह बनाई है। गेरी ने कहा कि कोविड-19 के कारण चीजें काफी तेजी से बदल रही हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में 20 खिलाड़ी होंगे। इससे चीजें आसान हो जाएंगी और अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा। मालूम हो कि आम तौर पर 15-16 सदस्यों वाली टीम को ही टूर्नामेंट के लिए भेजा जाता रहा है। उन्होंने कहा कि उन खिलाड़ियों को भी मौका दिया जा सकता है कि जिन्होंने टीम की ओर से टी20 के इंटरनेशनल मुकाबले नहीं खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज



सोमवार 22 फरवरी से शुरू होने जा रही है। गेरी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम बेहद मजबूत है। टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन दूसरी बार भारत में होना जा रहा है। इसके पहले अंतिम बार 2016 में भी टूर्नामेंट का आयोजन देश में हुआ था। तब विंडीज की टीम चैंपियन बनी थी जबकि इंग्लैंड की टीम रनरअप रही थी। अब तक हुए 6 टी20 वर्ल्ड में से दो खिताब विंडीज ने जीते हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड ने एक-एक बार खिताब जीता है। टीम इंडिया इस बार अपने मैदान पर ट्रॉफी जीतना चाहेगी। 2016 में उसे विंडीज ने ही हराया था। हमारे खिलाड़ियों को आईपीएल का फायदा मिल सकता है। कप्तान कोहली भी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहेंगे।

## अर्जुन अपने को साबित करें : जहीर



**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस टीम के क्रिकेट निदेशक और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा है कि अब अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना होगा। जहीर ने कहा कि अर्जुन मेहनती लड़का है और उसे आईपीएल में खेलने का अच्छा अवसर मिला है। चेन्नई में गुरूवार को हुई आईपीएल नीलामी में आखिरी बोली अर्जुन की लगी, जिन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर मुंबई इंडियंस ने खरीदा। अर्जुन ने टीम में शामिल होने को लेकर कोच, सपोट 'स्टाफ और टीम मालिकों का शुक्रिया अदा किया है जबकि जहीर ने कहा कि अर्जुन मेहनती लड़का है और उसे अपने को साबित करना होगा। अर्जुन ने इस सत्र में मुंबई की तरफ से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था। नीलामी लिस्ट में जब से अर्जुन तेंदुलकर का नाम आया है, तभी से सोशल मीडिया पर उनको जमकर ट्रोल किया जा रहा है। अर्जुन के नीलामी में बिकने के बाद से उनको और भी ट्रोल किया गया। अर्जुन को ट्रोल करते हुए फैन्स ने कहा है कि उन्हें तेंदुलकर सरनेम की वजह से खरीदा गया है। इस पर अर्जुन की बहन सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम के जरिए अर्जुन की आलोचना करने वालों को जवाब दिया है।।

## अश्विन की स्पिन गेंदबाजी और बल्ले का साहस दोनौं का जलवा बरकरार रहा

**नई दिल्ली। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सीजन के सबसे आत्मविश्वास से भरे खिलाड़ी के रूप में आर अश्विन ने अपनी अलग पहचान बनाई। अपनी शानदार स्पिन गेंदबाजी से उन्होंने दिखाया कि भारत के खिलाफ जीत आसान नहीं है। बल्ले से भी उन्होंने साहस दिखाते हुए एक टेस्ट मैच बचाया। उन्होंने एक शानदार पारी खेलकर हमें जीत भी दिलाई, इसे सभी ने सराहा भी। अश्विन इस सीजन में टीम इंडिया की सफलता के मुख्य किरदार रहे हैं। पहले ऑस्ट्रेलिया और अब घर में उन्होंने समय पर उपयोगिता साबित की। इसके कारण कई मैच के परिणाम बदल गए। हर बार जब समस्या आई या मौका मिला। उन्होंने इसे स्वीकार किया। चाहे बल्लेबाजी की बात रही है या फिर गेंदबाजी की। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 29वीं बार विकेट लेने का कारनामा किया। वे सीजन में 237 रन भी बना चुके हैं।**



किसी अन्य खिलाड़ी के पास इस तरह के आंकड़े नहीं हैं। काइल जेमिसन ने भी बतौर ऑलराउंडर प्रदर्शन किया है लेकिन उनकी सफलता घर में आई है और वो भी कमजोर विरोधी टीम के खिलाफ। इस दौरान भारत की दो बड़ी टीमों से भिड़ंत हुई। पहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में। दूसरी इंग्लैंड से, जो श्रीलंका को उसके घर में 2-0 से हराकर आई है। इन दोनों सीरीज में अश्विन ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से लोहा मनवाया। ऑस्ट्रेलिया में टीम ने सीरीज जीती। अश्विन ने तीन टेस्ट में 12 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने दुनिया के बेस्ट स्पिनर माने जाने वाले नाथन को पीछे छोड़ा। इतना हीं नही मेलबर्न में शानदार बल्लेबाजी करके और कप्तान रहाणे के साथ मिलकर सीरीज बराबर की। यह इस लिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि हम पहले टेस्ट की दूसरी पारी में हम सिर्फ 36 रन पर ऑलआउट हो गए थे। इसी के दम पर हम ब्रिस्बेन में अंततः सीरीज जीतने में सफल रहे। बल्ले से आंकड़ों के लिहाज से अश्विन का प्रदर्शन अच्छा दिखाई नहीं पड़ता है। उन्होंने सिर्फ 79 रन बनाए। लेकिन सिडनी में उन्होंने नाबाद 39 रन की पारी खेली और हनुमा विहारी के साथ मिलकर टेस्ट बचाया। मैच का ड्रॉ होना मनोवैज्ञानिक तौर पर भारत की जीत थी। इसी आत्मविश्वास और प्रेरणा के दम पर टीम इंडिया ने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया। हालांकि इस मैच में अश्विन नहीं खेले थे।

## नाओमी ओसाका ने जीता खिताब



**मेलबर्न ।** जापान की नाओमी ओसाका ने यहां खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की जेनिफर ब्रैडी को सीधे सेटों में हराते हुए अपने कॅरियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम जीत लिया। वहीं, महिला डबल्स का खिताब बेल्जियम की एलिस मर्टन्स और बेलारूस की आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने अपने नाम किया, जबकि मिश्रित युगल में राजीव राम और बारबोरा क्रैजिसिकोवा की जोड़ी ने जीता। वहीं, पुरुष एकल के फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच और रूस के डेनियल मेदवेदेव के बीच रविवार को खेला जाएगा। रॉड लेवर अरेना में खेले गए महिला एकल के फाइनल में ओसाका ने ब्रैडी को एक घंटे 17 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। ब्रैडी ने मुकाबले में कई गलतियां की, जिसका फायदा ओसाका ने उठाया। मिश्रित युगल के फाइनल में राम और बारबोरा की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी सामंता स्टोसूर और मैथ्यू एबडन की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से पराजित किया। राम और बारबोरा की जोड़ी ने पहले सेट को आसानी से जीत लिया, जबकि दूसरे सेट में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने कुछ संघर्ष दिखाया। इससे पहले शुक्रवार को महिला युगल फाइनल में मर्टन्स और सबालेंका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की बारबोरा क्रैजिसिकोवा और कैटरीना सिनियाकोवा को 6-2, 6-3 से पराजित किया।

## पेट्रोल 40 पैसे और डीजल 39 पैसे तक महंगा



**मुंबई ।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को लगातार 12वें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। कल भी पेट्रोल और डीजल के दाम में 31 पैसे और 33 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। दिल्ली में पेट्रोल 90.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 80.97 रुपए प्रति लीटर है। देश भर में पेट्रोल के दाम 34-40 पैसे तक और डीजल के 35-39 पैसे तक बढ़ गए हैं। इसी तरह मुंबई में भी पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। देश की आर्थिक राजधानी में पेट्रोल के दाम 97 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं। जो कि किसी भी मेट्रो शहर का सबसे अधिक रेट है। दिल्ली में 20 फरवरी को पेट्रोल के दाम 39 पैसे बढ़कर 90.58 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए हैं। इसी तरह डीजल के दाम 37 पैसे बढ़कर 80.97 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 38 पैसे बढ़कर 97.00 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 39 पैसे बढ़कर 88.06 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 37 पैसे बढ़कर 91.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 37 पैसे बढ़कर 84.56 रुपए प्रति लीटर हो गए।

## मारुति सुज़ुकी की जिम्नी जल्द उतरेगी कार बाजार में

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड जल्द ही भारतीय कार में अपनी कॉम्पैक्ट ऑफ-रोडर जिम्नी को बाजार में उतार सकती है। दरअसल, साल 2020 के ऑटो एक्सपो के दौरान इस एसयूवी को शोकेस किया गया था और तभी से भारत में इसकी लॉन्चिंग का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अब कंपनी भारत में इस एसयूवी की लॉन्चिंग के लिए तैयारी कर रही है और जल्द ही लॉन्चिंग डेट्स का ऐलान भी किया जा सकता है। अभी हाल ही में भारत से इस एसयूवी का निर्यात शुरू किया गया था और 184 इकाइयों वाला पहला बैच मुंद्रा बंदरगाह से कोलंबिया और पेरू जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के लिए रवाना रवाना किया गया था। इंजन और पावर की बात करें तो भारत में लॉन्च की जाने वाली जिमी में 1।5 लीटर 4-सिलेंडर युक्त पेट्रोल इंजन का प्रयोग किया जाएगा। ये इंजन माइल्ड-हाईब्रिड तकनीक से लैस होगा। ये इंजन 104बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 138एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। वहीं यह वर्तमान में मौजूद जिमी सिएरा से साइज में अधिक लंबी होगी। इसके डायमेंशन की बात करें तो लंबाई 3550 मिमी, चौड़ाई 1645 मिमी और ऊंचाई 1730 मिमी होगा।

## अगले महीने लांच होंगे सैमसंग गैलेक्सी ए72, ए52

**नई दिल्ली।** साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग के स्मार्टफोन्स गैलेक्सी ए 52 और गैलेक्सी ए 72 अगले महीने लांच हो सकते हैं। भारत में कंपनी इन दोनों स्मार्टफोन्स को मार्च के दूसरे हफ्ते के आसपास लॉन्च कर सकती है। हालांकि, कंपनी की तरफ से अब तक इन दोनों अपकमिंग स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन्स और लॉन्च डीटेल के बारे में कोई ऑफिशल जानकारी नहीं दी है। दोनों स्मार्टफोन्स को लेकर पिछले कुछ हफ्तों में काफी लीक्स आई हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि गैलेक्सी ए52 5जी कथित तौर पर गूगल प्ले लिस्टिंग पर देखा गया था। लिस्टिंग के अनुसार फोन में



स्नैपड्रैगन 750जी एसओसी प्रोसेसर दिया गया है और यह ऐंड्रॉयड 11 आउट-ऑफ-द बॉक्स ओएस पर काम करता है। गूगल प्ले लिस्टिंग के अनुसार इस फोन में 6जीबी रैम के साथ स्नैपड्रैगन 750जी एसओसी ऑफर किया जा सकता है। फोन में पंच-होल कटआउट के साथ फुल एचडी+ इनफिनिटी-ओ स्क्रीन मिलने की उम्मीद है। ओएस की बात करें तो यह ऐंड्रॉयड 11 ओएस के साथ आ सकता है। शुरुआत में आई कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कंपनी इस फोन में 6.5 इंच का डिस्प्ले ऑफर कर सकती है। फोटॉग्रफी के लिए इस फोन में चार रियर कैमरे मिल सकते हैं। इसमें 64 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरा के साथ एक 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड ऐंगल सेंसर, एक 5 मेगापिक्सल और एक 2 मेगापिक्सल का सेंसर मिल सकता है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल का कैमरा मिल सकता है।





# ग्वालियर में लिंक हॉस्पिटल का शुभारंभ

**ग्वालियर। चिकित्सा के क्षेत्र में ग्वालियर में एक नया अध्याय जुड़ गया है। यहां शिवपुरी लिंक रोड पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस लिंक हॉस्पिटल की आज से शुरुआत हो गई। जाने-माने चिकित्सक डॉ समीर गुप्ता इस अस्पताल में डायरेक्टर की हैसियत से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को लिंक हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। इसमें प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और सांसद श्री विवेक शेजवलकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बेहतर तो ये हो कि लोग को अस्पताल जाने की जरूरत ही ना पड़े लेकिन अगर ऐसा होता है**

तो चिकित्सा संस्थानों की कोशिश होनी चाहिए कि वे मरीजों के साथ अभिभावक जैसा व्यवहार करें। इस अवसर पर उन्होंने उद्योगपति टाटा का जिक्र करते हुए कहा उनके द्वारा संचालित अस्पतालों में व्यापार के साथ-साथ चैरिटी का भी भाव है। केंद्रीय मंत्री ने कहा चिकित्सा क्षेत्र ऐसा पेशा है जहां चिकित्सक मरीजों की सेवा कर धन लाभ और आदर प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा इमानदारी से सेवा करते हुए चिकित्सक ऐसा सम्मान प्राप्त कर सकता है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इस मौके पर ग्वालियर के डॉ पुरोहित और सतना के डॉक्टर यादव का उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने बताया सतना के डॉक्टर यादव का इतना सम्मान था कि जब उनका ट्रांसफर सतना से अन्य जगह हो गया तो सतना के लोगों ने सतना बंद कर अपना विरोध जताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा यूं तो सेवा के कई क्षेत्र हैं लेकिन चिकित्सा क्षेत्र ऐसा है जहां सेवा भाव की अधिक जरूरत है और लोग भी चिकित्सक से काफी आशा रखते हैं।

## केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सर्व सुविधा युक्त लिंक हॉस्पिटल परिसर का किया निरीक्षण

इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा लिंक हॉस्पिटल चिकित्सा क्षेत्र में ग्वालियर के लिए एक बड़ी सौगात है। इसका लाभ न सिर्फ ग्वालियर के लोगों को बल्कि आसपास के जिलों से आने वाले मरीजों को भी मिलेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा लिंक हॉस्पिटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यह ग्वालियर में चिकित्सा सुविधाओं मैं कमियों को दूर करने में कारगर साबित होगा। ग्वालियर सांसद श्री विवेक शेजवलकर ने इस अवसर पर लिंक हॉस्पिटल प्रबंधन को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा अस्पताल ग्वालियर और आसपास के जिलों के मरीजों के लिए लाभप्रद साबित होगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सर्व सुविधा युक्त लिंक हॉस्पिटल परिसर का भी निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटरयान कर में छूट का लाभ 31 मार्च तक

**ग्वालियर ।** मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा मोटरयान कर एवं शास्ति के भुगतान के संबंध में छूट प्रदान की गई थी। उक्त समय सीमा को बढाकर 31 मार्च 2021 तक की वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में वाहनों पर बकाया मोटरयान कर का एक मुश्त भुगतान करने पर अधिसूचना की तारीख से पांच वर्ष तक पुराने वाहनों पर 20 प्रतिशत, पांच वर्ष से अधिक किंतु 10 वर्ष से अनाधिक पुराने वाहनों पर 40 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक किंतु 15 वर्ष से अनाधिक पुराने वाहनों पर 50 प्रतिशत एवं 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर 70 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है।

### टेंपों में काराबारी की जेब से 50 हजार पार

**ग्वालियर ।** टेम्पों सवार होकर जा रहे एक कारोबारी की जेब से 50 हजार रुपए पार हो गए। घटना शनिवार शाम फूलबाग चौराहा की है। पड़ाव थाना में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उपनगर ग्वालियर के गुदड़ी मोहल्ला निवासी सुनील कुमार जैन पुत्र जीवाराम जैन व्यापारी हैं। दो दिन पहले वह काम के सिलसिले में विदिशा गए थे। यहां से 50 हजार रुपए लेकर घर के लिए निकले थे। ट्रांसपोर्ट नगर से ऑटो से शिंदे की छावनी पहुंचे। यहां शिंदे की छावनी से फूलबाग के लिए टेंपो में बैठे। तभी एक युवक तेजी से आया और उनके पास आकर बैठ गया। इसके बाद फूलबाग आते ही वह युवक उतरा। वह किराए दिए बिना ही पास ही खड़े बाइक सवार के साथ भाग गया। युवक को इस तरह उठकर जाते देख सुनील ने अपनी जेब पर हाथ रखा, तो जब कटी हुई थी। उसमें रखे रुपए गायब थे। शोर मचाकर वह युवक के पीछे दौड़े, तभी बाइक सवार भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### सेप्टिक टैंक में मिला सडा गला शव

**ग्वालियर ।** शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित साइंस कॉलेज के पीछे बने सेप्टिक टैंक में एक शव मिला है। शव पूरी तरह से सडा तथा कंकाल में बदल चुका था। पुलिस का अनुमान है कि हत्या कर शव को यहां फेका गया होगा। मृतक लड़का है या लड़की इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है । जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर जब महाराणा प्रताप नगर निवासी गुलाब सिंह कुशवाह साइंस कॉलेज के पीछे बने सेप्टिक टैंक के पास से जा रहे थे, तो एक बकरी सेप्टिक टैंक के पास खड़ी थी। बकरी टैंक में ना गिर जाए, इसलिए वह वहां पहुंचे, तो अंदर से बदबू आ रही थी। अंदर देखा तो एक लाश दिखाई दी। उन्होने इसकी सूचना झांसी रोड थाना पुलिस को दी।

### गैस सिलिंडर में लगी आग- बडा हादसा टला

**ग्वालियर।** शहर के जनकगंज थाने के गोल पहाड़िया इलाके में खाना बनाते समय रसोई में रखे गैस सिलिंडर में अचानक आग लग गई। तभी घर में मौजूद लोगों व पड़ोसियों ने सिलिंडर में लगी आग पर काबू पा लिया। जिससे एक बडा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार गोल पहाड़िया निवासी पिंटू सूरी के घर में बीती रात को खाना बन रहा था तभी लेजम से गैस रिसाव होने के कारण अचानक सिलिंडर ने आग की पकड़ ली। सिलिंडर को उठाकर घर से बाहर ले जाते उससे पहले ही उसमें से आग की लपटें निकलना शुरू हो गईं। सिलिंडर में आग लगने की सूचना मिलते ही पड़ोसी भी जमा हो गए।और सिलिंडर को ठंडा रखने के लिए गीले कपड़े व टाट डालना शुरू कर दिया। इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# अग्रसेवा संस्थान के वसन्तोत्सव कार्यक्रम में हुआ 100 से अधिक अग्र सेवकों का सम्मान




**ग्वालियर।** अग्रसेवा संस्थान द्वारा रविबार दिनांक 21 फरवरी को मानस भवन, फूलबाग पर वसन्तोत्सव एवम अग्रसेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे गणेश वंदना, वासंती नृत्य , कुमारी आम्रपाली बंसल जी द्वारा सितार वादन ,संगीतकार हर्ष के गर्ग द्वारा संगीतबद्ध प्रस्तुति, डॉ एम के गुप्ता एवम डॉ आर के जैन के व्यख्यान, प्रबुद्ध गर्ग एवम महेंद्र अग्रवाल जी द्वारा युबक युबती ,परिचय पत्रिका का विमोचन,अग्रवाल समाज ग्वालियर के100 से अधिक अग्रसेवकों का सम्मान, दृष्टिबाधित बालिकाओं द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना एवम वासंती गीतों की प्रस्तुति आदि।अंत मे स्वल्पाहार हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम गोयल, अजय जैन , दिनेश अग्रवाल , विपिन खेतान, रविशंकर अग्रवाल, जी द्वारा किया गया एवम आभार अशोक गुप्ता जी द्वारा व्यक्त किया गया।

# केन्द्रीय मंत्री तोमर ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ



**ग्वालियर।** सिकरवार मेडिकोज एंड मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक द्वारा आयोजित निशुल्क मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को थाटीपुर स्थित सी ब्लॉक के सामने फीता काटकर उद्घाटन किया। केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल ग्वालियर बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होंगीं। इस प्रकार के प्रयास और भी किए जाने की आवश्यकता है।

# सिंधिया स्कूल में घुसने का प्रयास करते संदेही कश्मीरी पकड़ा



**ग्वालियर ।** रविवार की सुबह सिंधिया स्कूल फोर्ट के हॉस्टल में एक संदेही युवक ने अंदर जाने का प्रयास किया तभी सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पकड़ा लिया और बहोडापुर पुलिस के हवाले कर दिया। संदेही हुलिया से कश्मीरी लग रहा है, लेकिन उसकी भाषा पुलिस की समझ मे नहीं आ रही है। पुलिस ने उसकी भाषा को समझने के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय के कश्मीरी छात्रों को बुलाया है। जानकारी के अनुसार देश के जाने माने ग्वालियर किला स्थित सिंधिया स्कूल में रविवार सुबह एक युवक ने घुसपैठ का प्रयास किया है। सिंधिया स्कूल ब्वॉयज हॉस्टल की ओर एक युवक ने सुरक्षा को भेदकर घुसने का प्रयास किया। पर वहां मौजूद सुरक्षा कमिह्यों ने संदेही को देखा तो घेराबंदी कर पकड़ लिया। पहले उससे पूछताछ करना चाहा, लेकिन उसने जो भाषा बोली वह सुरक्षाकर्मी नहीं समझ पाए। इस पर मामले की सूचना तत्काल बहोड़ापुर थाना पुलिस को दी गई। जब संदेही को पकड़कर पुलिस थाना लाई और पूछताछ शुरू की तो संदेही जो भाषा बोल रहा था वह पुलिस अधिकारियों की समझ में नहीं आ रही थी। पकड़े गए संदेही का जो हुलिया और भाषा है। उससे वह कश्मीरी लग रहा है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष है। उसके पास से कोई आईडी, सामान या कागज नहीं मिला है।

## मई में होंगे शराब की दुकानों के नए ठेके

**ग्वालियर।** प्रदेश में वर्ष 2021-22 के लिए शराब ठेके इस बार मार्च में नहीं होंगे। कारण, 15 जिलों में वर्तमान ठेकों की अवधि 31 मार्च को पूरी हो रही है। जबकि बाकी 37 जिलों के ठेकों की अवधि 31 मई को खत्म होगी। प्रदेश के आबकारी ठेकों के मामले में यह स्थिति पहली बार बनी है। इसके चलते आबकारी विभाग सभी जिलों में वर्तमान ठेकों को 31 मई तक चलाए जाने की तैयारी कर रहा है, ताकि नए ठेकों की सुपुर्दगी की प्रक्रिया 1 जून से शुरू की जा सके। इसके लिए 45 जिलों के शराब ठेकेदारों ने 31 मई तक ठेका संचालित करने की सहमति दे दी है। बाकी 7 जिलों के ठेकेदार भी राजी हैं। लेकिन उनकी लिखित सहमति मिलने का इंतजार है।






# रेलवे स्टेशन पर नवस्थापित 03 यात्री लिफ्ट का हुआ लोकार्पण

**ग्वालियर। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में रेल, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामलों एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार पीयूष गोयल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से तीन लिफ्टों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर स्टेशन पर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर द्वारा फीता काटकर ग्वालियर स्टेशन पर यात्रियों हेतु लिफ्ट को रेलवे विभाग की सुपुर्दगी में सौंपा गया। सांसद राज्य सभा ज्योतिरादित्य सिंधिया ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।**

उत्तर मध्य एवं उत्तर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक विनय त्रिपाठी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक ने ग्वालियर क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही सांसद श्री शेजवलकर को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को सराहा। ज्ञात हो कि, .... ग्वालियर नगर की विकास गाथा में भारतीय रेल का महत्वपूर्ण योगदान है7 ग्वालियर में रेल का आगमन सन 1881 में हुआ था जब यह शहर आगरा से सीधी लाइन से जुड़ गया था। तदोपरांत सन 1889 में इंडियन मिडलैंड रेलवे द्वारा इसको झांसी से जोड़ा गया7 लगभग 140 वर्षों के इतिहास में भारतीय रेल ने इस शहर को संपूर्ण राष्ट्र और बड़े शहरों के माध्यम से संपूर्ण विश्व से जोड़ने के कार्य किया है7 इस स्टेशन का विकास और इसको अत्याधुनिक



सुविधाओं से युक्त बनाकर अपने सम्मानित यात्रियों सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय रेल सदैव तत्पर है। इसी क्रम मे ग्वालियर स्टेशन पर रु 92 लाख की लागत से लगाई गई लिफ्ट रेलवे द्वारा यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है 7 प्लेटफार्म सं 1, 2/3 एवं 4 पर तीन लिफ्टों की स्थापना से स्टेशन आने वाले दिव्यांग, वृद्ध एवं अशक्त यात्रियों सहित अन्य यात्रियों को बहुत सहूलियत होगी7 इन लिफ्टों की स्थापना रुपए 92 लाख की लागत से की गई है और प्रत्येक लिफ्ट की क्षमता 15 व्यक्ति/1020किलोग्राम है7 इसके अतिरिक्त ग्वालियर स्टेशन को अत्याधुनिक बनाने के प्रयासों तहत भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम के माध्यम से इस स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को किया जा रहा है7 इस कार्य के तहत, ग्वालियर रेलवे स्टेशन को यात्रियों के लिए एक बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए एक विश्व स्तरीय परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा साथ ही रोजगार सृजन के साथ ही और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) दिनेश वर्मा सहित जेड आर यू सी सी, डी आर यू सी सी सदस्य इत्यादि उपस्थित रहे।


PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओ को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478